Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 303 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 26 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जो पवित्र आत्म तत्व को पा लेता है,
उसका अंग-अंग पवित्र हो जाता है।
Every part of his body becomes pious who realizes the elements of self.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी के काफिले पर डंडों से हमला

**इस्लामाबाद (ए)।** पाकिस्तान में सिंध नदी परियोजना के खिलाफ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। ताजा घटनाक्रम में राष्ट्रपति की बेटी के काफिले पर प्रदर्शनकारियों ने डंडों से हमला कर दिया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो को बड़ी मुश्किल से उनके सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ से बचाकर सुरक्षित निकाला। यह घटना कराची के पास पीर मंगल इलाके में हुई, जब आसिफा एक राजनीतिक रैली से लौट रही थीं। प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर उनके काफिले को घेर लिया और लाठी-डंडों से गाडियों पर हमला किया।

### लालू प्रसाद यादव ने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को आरजेडी से निकाला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने तेज प्रताप को छह साल के लिए निष्कासित करने का फैसला लिया है। यह कार्रवाई हाल ही में तेज प्रताप यादव के एक विवादास्पद फेसबुक पोस्ट के बाद आई है, जिसमें उन्हें एक महिला के साथ दिखाया गया था और दावा किया गया था कि वे 12 साल से रिश्ते में हैं। हालांकि, तेज प्रताप ने बाद में इस पोस्ट को हैक किए गए अकाउंट से किया गया।

# प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में बस्तर के नवाचारों की खुलकर सराहना

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कैसे बस्तर बना संस्कृति, सहभागिता और विकास का मॉडल**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी दिल्ली स्थित अशोक होटल में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने प्रस्तुतीकरण की शुरुआत राज्य में सुशासन की संस्थागत पहल से की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' का गठन कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी व संवेदनशीलता से लागू करना है।

बैठक में केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में ग्रामसभा, जनसंवाद और तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुँचाया गया है।

बैठक का सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम पर विशेष प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'खेलोगे इंडिया, जीतोगे इंडिया' मंत्र को उद्धृत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने इसे धरातल पर साकार किया है। बस्तर ओलंपिक अब सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति बन चुका है- जिसने युवाओं के हाथों से बंदूकें छीनकर गेंद, भाला और तीर थमा दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों से 1.65 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीन चरणों- विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित यह प्रतियोगिता 11 पारंपरिक खेलों जैसे तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी आदि पर केंद्रित थी। चार श्रेणियों- जूनियर, सीनियर, महिला और दिव्यांग- में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

मुख्यमंत्री साय ने दोरनापाल के पुनेन सन्ना का उदाहरण साझा किया, जो कभी नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र से थे, पर आज व्हीलचेयर दौड़ में पदक जीतकर पूरे समाज के लिए प्रेरणास्तंभ बन गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा करते हुए कहा था कि यह आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा का उत्सव है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर पंडुम उत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ ने न केवल आदिवासी संस्कृति, लोककलाओं और परंपराओं को संरक्षित किया, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय मंच भी प्रदान किया। इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों की 1,885 ग्राम पंचायतों के 1,743 सांस्कृतिक दलों और 47,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लोकनृत्य, गीत-संगीत, हाट-बाजार, पकवान प्रतियोगिताएं जैसे विविध रंगों से सजा यह उत्सव बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक को जोड़ते हुए बस्तर की एकता, पहचान और विकास का प्रतीक बन गया। सरकार द्वारा 2.4 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इस आयोजन ने उत्सव और खेल के माध्यम से सकारात्मक भविष्य की नई चेतना जगाई है।

### बैठक में छत्तीसगढ़ का 'बस्तर मॉडल' बेहद प्रभावशाली रहा

बैठक में जिन राज्यों को अपनी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवसर मिला, उनमें छत्तीसगढ़ का 'बस्तर मॉडल' बेहद प्रभावशाली रहा। जनभागीदारी, संस्कृति और विकास के इस अनोखे मेल ने सभी को प्रभावित किया। बैठक में सुझाव दिया गया कि जनभागीदारी व सांस्कृतिक जुड़ाव पर आधारित ऐसे मॉडल्स को अन्य राज्यों में भी अपनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इन पहलों को अनुकरणीय बताते हुए सुझाव दिया कि ऐसे नवाचार, जो समाज की जड़ों से जुड़ते हों और विकास की दिशा तय करते हों, उन्हें विस्तार दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के 'बस्तर मॉडल' को जिस तरह सराहा गया, उसने यह स्पष्ट किया कि जनसहभागिता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और विकास के समन्वय से किस तरह दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी बदलाव की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

# पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'वोकल फॉर लोकल' से जोड़ा, कहा- 'देश में बनी चीजों को प्राथमिकता दें'



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मन की बात के 122वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत, उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था।

पीएम मोदी ने मन की बात को संबोधित करते हुए कहा, हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्निशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है। इस अभियान के बाद पूरे देश में 'वोकल फॉर लोकल' को लेकर एक नई ऊर्जा दिख रही है। कई बातें मन को छू जाती हैं। एक मां-बाप ने कहा कि अब हम अपने बच्चों के लिए सिर्फ भारत में बने खिलौने ही लेंगे। देशभक्ति की शुरुआत बचपन से होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ परिवारों ने शपथ ली है कि हम अपनी अगली छुट्टियां देश के किसी खूबसूरत जगह में ही बिताएंगे। कई युवाओं ने 'वेड इन इंडिया' का संकल्प लिया है, वो देश में ही शादी करेंगे। किसी ने ये भी कहा है कि अब जो भी गिफ्ट देंगे, वह किसी भारतीय शिल्पकार के हाथों से बना होगा। पीएम मोदी ने देशवासियों की सराहना करते हुए कहा, साथियों, यही तो है, भारत की असली ताकत 'जन-मन का जुड़ाव, जन-भागीदारी'। मैं आप सबसे भी आग्रह करता हूं, आइए, इस अवसर पर एक संकल्प लें। हम अपने जीवन में जहां भी संभव हो, देश में बनी चीजों को प्राथमिकता देंगे। यह सिर्फ आर्थिक आत्मनिर्भरता की बात नहीं है, यह राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी का भाव है। हमारा एक कदम, भारत की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान बन सकता है।

इससे पहले उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने के लिए देशवासियों की सराहना की। साथ ही कहा कि हमारा संकल्प है कि हमें आतंकवाद को खत्म करना है।


पीएम मोदी ने 'मन की बात' को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है और संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है कि हमें आतंकवाद को खत्म करना है। साथियों, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस शुद्धता के साथ, जिस सटीकता के साथ, हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया है, वो अद्भुत है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में दंतेवाड़ा का किया जिक्र

**कहा- बस्तर क्षेत्र के बच्चों में साइंस का पैशन, खेल में भी कर रहे हैं कमाल**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने मन की बात की 122वीं कड़ी में देश के सामने अपनी बातों को रखा। मन की बात की ये कड़ी छत्तीसगढ़ के लिए काफी खास रही। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब के बारे मे जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों में साइंस का पैशन है और वो खेलों में भी कमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बस्तर क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि इस तरह के प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। करीब पंचानबे (नाइंटी पाइव) प्रतिशत रिजल्ट ये जिला 10वीं के नतीजों में टॉप पर रहा, वहीं 12वीं की परीक्षा में इस जिले ने छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया।

# भारत में बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामले, इस वेरिएंट की चपेट में आ रहे लोग; जानें कितना खतरनाक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोविड-19 के नए वैरिएंट NB.1.8.1 का एक मामला और LF.7 वैरिएंट के चार मामले सामने आए हैं। यह जानकारी भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (INSACOG) के आंकड़ों से मिली है। मई 2025 तक की स्थिति के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) LF.7 और NB.1.8.1 सब-वैरिएंट को 'निगरानी में रखे जाने वाला स्वरूप' मानता है, न कि 'चिंताजनक वैरिएंट' के रूप में। हालांकि, ये वे स्वरूप हैं जिनकी वजह से चीन और एशिया के कुछ हिस्सों में कोविड के मामलों में वृद्धि हो रही है।

इंसाकॉग के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में तमिलनाडु में NB.1.8.1 का एक मामला और मई में गुजरात में LF.7 के चार मामले सामने आए। भारत में सबसे आम वैरिएंट JN.1 बना हुआ है। जांच किए गए नमूनों में इसके 53 प्रतिशत मामले शामिल हैं। इसके बाद BA.2 (26 प्रतिशत) और अन्य ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रारंभिक जोखिम आकलन में NB.1.8.1 को वैश्विक स्तर पर कम सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम वाला माना गया है।

# एक-एक कर 3 गाड़ियां उड़ाईं... पाकिस्तानी सेना के काफिले पर बड़ा आतंकी हमला, 32 सैनिकों की मौत

**आतंकवादी समूहों को सहारा देने की कीमत पाकिस्तान को भारी पड़ी**



**बलूचिस्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान, जो लंबे समय से आतंकवाद को पनाह देने के आरोपों का सामना करता रहा है, अब खुद अपने पाले हुए सांपों का दंश झेल रहा है। बलूचिस्तान के खुजदार में जीरो पॉइंट के पास कराची-क्वेटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाकिस्तानी सेना के एक काफिले को निशाना बनाकर किए गए भीषण आतंकी हमले में कम से कम 32 सैनिकों की मौत हो गई है और दर्जनों अन्य घायल हो गए हैं। यह हमला एक शक्तिशाली वाहन-आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के जरिए किया गया।

सूत्रों के अनुसार, हमलावरों ने विस्फोटक एक खड़ी कार में लगाया था। जैसे ही सेना का काफिला, जिसमें लगभग 8 वाहन शामिल थे, पास से गुजरा, उसमें विस्फोट कर दिया गया। इस धमाके की चपेट में सीधे तौर पर तीन वाहन आ गए, जिनमें एक बस भी शामिल थी, जिसमें कथित तौर पर सैन्य कर्मियों के परिवार यात्रा कर रहे थे। धमाका इतना शक्तिशाली था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और दूर तक धुएं का गुबार छा गया।

पहले पाकिस्तान के दूर-दराज के इलाकों से ही आतंकी घटनाओं की खबरें आती थीं, लेकिन अब यह सिलसिला बड़े शहरों तक पहुंच गया है। हाल के दिनों में पेशावर से लेकर कराची तक कई बड़े हमले हुए हैं, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विश्लेषकों का मानना है कि जिन आतंकी गुटों को कभी पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था, वे अब उसी के लिए भस्मासुर साबित हो रहे हैं। इस बड़े हमले के बाद पाकिस्तानी अधिकारी कथित तौर पर अपनी सुरक्षा चूक को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। आंतरिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अधिकारी इस घटना को एक स्कूल बस पर हुए हमले के रूप में चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि सेना पर हुए सीधे हमले की गंभीरता को कम किया जा सके और अपनी नाकामी पर पर्दा डाला जा सके।

इससे पहले इसी कराची-क्वेटा राजमार्ग पर 21 मई को भी एक आतंकी हमला हुआ था। उस समय, आतंकवादियों ने खुजदार कस्बे के पास आर्मी पब्लिक स्कूल की एक बस को निशाना बनाया था, जिसमें ड्राइवर सहित पांच बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इन लगातार हो रही घटनाओं ने पाकिस्तान की आम जनता, विशेषकर बलूचिस्तान के निवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। सरकार और सेना इन हमलों को रोकने में अब तक नाकाम साबित हुई है, जिससे लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

# भारतीय नेवी ने समुद्र में डूब रहे लाइबेरियाई जहाज के सभी 24 सदस्यों को बचाया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोच्चि तट पर रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए-3 डूब गया। गनीमत की बात यह रही कि भारतीय तटरक्षक बल ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया। इनमें से 21 को आईसीजी और तीन को भारतीय नौसेना के आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। इसमें 13 खतरनाक माल और 12 कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। इसमें 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था। केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए, आईसीजी ने प्रदूषण प्रतिक्रिया की पूरी तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस आईसीजी का विमान हवाई निगरानी कर रहा है और प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर आईसीजी जहाज सक्षम मौके पर तैनात हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम से देश की 140 करोड़ जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हैं : किरण देव



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सदर वार्ड में में कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम**

**जगदलपुर। (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने आज रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 122 संस्करण शहर के सदर वार्ड में बूथ क्रमांक 107 में कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों के साथ सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम पर गर्व करते हुये आपरेशन सिन्दूर को बदलते भारत की तस्वीर व अदम्य साहस, संकल्प का प्रतीक बताया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के द्वारा देश की 140 करोड़ जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। आज समूचा देश व समस्त देशवासी आपरेशन सिन्दूर की सफलता से गर्वित हैं और भारतीय सेना का सारा देश अभिनंदन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा है कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुये आपरेशन सिन्दूर से भारत का सिर ऊंचा किया। भारत का संकल्प आतंक को समूल समाप्त करना है और आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में बदलते बस्तर का जिक्र करते हुये दंतेवाड़ा जिले के छात्र छात्राओं द्वारा 10वीं-12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन की सराहना की। यह हम सभी बस्तर वासियों के लिये गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ सहित हमारा बस्तर नितदिन विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

आज मन की बात कार्यक्रम के श्रवण के दौरान निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य संजय विश्वकर्मा, नरेंद्र जैन, गोदावरी साहू, राजकुमार तम्बोली,रुपेश जैन, निर्मल सिंह राजपूत, मयंक नत्थानी, अभिषेक तिवारी, मनी विक्रम नायडू, अनिमेष चौहान, झरना महन्ती,अलका दास, गुड्डू विश्वकर्मा इत्यादि सहित कार्यकर्ताओं व नागरिक उपस्थित रहे।

**बस्तर के जल जंगल जमीन को बचाने मुहिम**

# पीसीसी अध्यक्ष आज से किरंदुल से चार दिवसीय पद यात्रा की करेंगे शुरुआत

**रायपुर (आरएनएस)।** बस्तर में इंद्रावती बचाओ यात्रा के बाद अब कांग्रेस ने यहां की जल, जंगल और जमीन को बचाने की मुहिम छेड़ दी है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज दंतेवाड़ा के किरंदुल से यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा 26 मई से शुरू होगी और 29 मई को दंतेवाड़ा के कलेक्टर कार्यालय के घेराव से खत्म होगी।



दीपक बैज कुल 40 किलोमीटर की यात्रा निकालेंगे। इसका नाम न्याय पद यात्रा दिया गया है। चार दिन में 40 किलोमीटर के दायरे को यह यात्रा कवर करेगी। दीपक बैज ने इस यात्रा को लेकर कहा, भाजपा सरकार के आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है। अवैध खनन के कई मामले सामने आ रहें हैं, इस प्रकार से भविष्य में भी कई मामले होने की आशंका है। इन्हीं मुद्दों को लेकर हम पदयात्रा निकालने जा रहे हैं।

दीपक बैज ने विष्णुदेव साय सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से यह सरकार आई है। छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को दी गई है। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल की लीज पर दे दी गई है। उन्होंने कहा, बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दी गई है। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर : जापान की सफल यात्रा के बाद दक्षिण कोरिया पहुंचा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल



**सोल (एजेंसी)।** जापान की सफल यात्रा के बाद जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया पहुंच गया है। यह प्रतिनिधिमंडल 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का संदेश लेकर विदेश दौरे पर निकला है। दरअसल, यह प्रतिनिधिमंडल भारत की वैश्विक कूटनीतिक पहल का हिस्सा है, जो 'ऑपरेशन सिंदूर' और पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के महत्व को रेखांकित करता है।

भारतीय दूतावास ने कहा, सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की कूटनीतिक पहल के लिए सोल पहुंचा। भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिनिधिमंडल में संजय कुमार झा के अलावा भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, बृज लाल और प्रदन बरुआ, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, राजदूत मोहन कुमार भी शामिल हैं। झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का संदेश लेकर सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सियोल पहुंचा। आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति दृढ़ और अटल होनी चाहिए और भारत इस संकल्प का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सोल यात्रा का अपडेट साझा किया।

बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने एक्स पर पोस्ट किया, देर रात सोल पहुंचे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अगले तीन दिनों तक यहां काम करेगा। मैं उत्सुक हूं। बीजेपी सांसद प्रदन बरुआ ने एक्स पर लिखा, दिन 4- दक्षिण कोरिया का सोल। आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को जारी रखते हुए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में सियोल पहुंचे।

## राजेंद्र नगर रायपुर में फिल्म फेस्टइवल डॉ. पुनित साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजेंद्र नगर रायपुर में हो रही फिल्म फेस्टइवल में छत्तीसगढ़ के जाने माने फिल्म निर्माता निर्देशक डॉक्टर पुनित साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम को संपन्न किया गया। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध। लेखक श्री ओमप्रकाश जैन जी शामिल रहे। साथ ही साथ कई शॉर्ट फिल्मों के निर्देशक सोनू राजपूत जी रहे हैं। फिल्म फेस्टइवल में हो रही तोर मोर माया के कहानी एल्बम को लॉन्च किया गया जिसके मुख्य अभिनेता और अभिनेत्रि तामन साहू रजनी निराला जी रहे और छत्तीसगढ़ के अनेक उभरते हुं ? कलाकार शामिल रहे। इस कार्यक्रम में श्री जय प्रकाश साहू को रंगमंच अभिनेता के रूप में मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। जय प्रकाश जी अनेक एल्बम शॉर्ट फिल्म और कई छत्तीसगढ़ी फिल्मो में काम कर चूके हैं। अभी हाल ही में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ रंग मंदिर में आयोजित रंग महोत्सव में नाट्य मंचन किया जिनका नाम पेन गेस्ट था जिनके निर्देशक आचार्य रंजन मोडक जी रहे। पेईंग गेस्ट को लोगों ने खूब इनजॉय किया पेन गेस्ट में हास्य हंगामा और शिक्षा की बातें सुनने को मिली। जय प्रकाश जी एक अच्छे एक्टर और गायन में भी रुचि रखते हैं।

## छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान से गर्भवती महिलाओं को मिल रही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

### अभियान की सघन निगरानी हेतु आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं, सभी जिलों के कलेक्टर और स्वास्थ्य अधिकारी उतरे फील्ड में

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत राज्य की गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में राज्य के समस्त जिलों में अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांच व उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान की जा रही है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (High Risk Pregnancy - HRP) की पहचान और समुचित प्रबंधन व चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।



इस अभियान के प्रभावस्वरूप छत्तीसगढ़ में मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004-06 में राज्य का मातृ मृत्यु अनुपात 335 प्रति एक लाख जीवित जन्म था, जो अब घटकर 132 पर आ गया है। हालांकि यह आंकड़ा अभी भी राष्ट्रीय औसत (93) से अधिक है, जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस दिशा में और अधिक ठोस और योजनाबद्ध प्रयासों की रूपरेखा तैयार की है।

जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत कुल 800 से अधिक सत्रों का सफल आयोजन किया गया। इन सत्रों में से 360 PMSMA सत्रों की निगरानी राज्य तथा जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रभावी रूप से की गई तथा आयोजित सत्रों के दौरान लगभग 30 हज़ार गर्भवती महिलाओं ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इनमें से लगभग 9000 से अधिक महिलाएं उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) की श्रेणी में चिन्हित की गईं, जिन्हें विशेष चिकित्सकिया देखभाल प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि अधिकांश मातृ मृत्यु के पीछे उच्च जोखिम गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताएं प्रमुख कारण हैं। ऐसे में समय रहते HRP की पहचान, उचित उपचार एवं सतत निगरानी अभियान के प्रमुख उद्देश्य बनाए गए हैं। इस संदर्भ में राज्य के समस्त जिलों में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कलेक्टरों द्वारा अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा के साथ-साथ मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, हर गर्भवती महिला को सुरक्षित मातृत्व का अधिकार है, और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान इस दिशा में एक सशक्त एवं प्रभावी कदम है। राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है कि छत्तीसगढ़ की हर महिला को सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिले। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान के माध्यम से न केवल प्रसवपूर्व जांच, रक्त की जांच, अल्ट्रासाउंड, वजन एवं रक्तचाप की निगरानी जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं दी जा रही हैं, बल्कि पोषण संबंधी परामर्श भी प्रदान किया जा रहा है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं को बड़ा लाभ मिल रहा है।

अभियान के दौरान अब तक हजारों महिलाओं को लाभ मिला है, जिनमें से कई उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय रहते पहचान होने से समुचित उपचार प्राप्त कर सकीं। राज्य सरकार का मानना है कि यदि इस पहल का धरातल पर बेहतर व सुचारु क्रियान्वयन किया जाए तो छत्तीसगढ़ में मातृ मृत्यु दर को राष्ट्रीय औसत से भी नीचे लाया जा सकता है।

अभियान की सघन निगरानी सुनिश्चित करने हेतु सभी जिला कलेक्टरों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक अस्पताल की गुणवत्ता की निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी गर्भवती महिलाओं को समय पर समुचित सेवाएं प्राप्त हों। छत्तीसगढ़ सरकार मातृत्व स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कटिबद्ध है।

## विधायक देवेंद्र यादव ने जनता की सुनी समस्याएं, किया त्वरित समाधान



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने आज सेक्टर 5 कार्यालय में स्थानीय नागरिकों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याएं सुनीं। भेंट मुलाक़ात करने शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपने विधायक से मिलने पहुंचे। नागरिकों ने प्रमुख रूप से जल आपूर्ति की अनियमितता, क्षतिग्रस्त सड़कों, जलजमाव, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज की सफाई, स्ट्रीट लाइट्स की खराबी और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को उजागर किया।

विधायक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। उन्होंने कहा, जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना मेरी जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि भिलाई शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं और जल्द ही उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्षदगण और खुर्सी पार की जनता ने सीवरेज की समस्या के बारे में विधायक को बताया। खुर्सीपार में सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा है। लेकिन बारिश में व्यवस्थित तरीके से काम नहीं होने की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आने वाले दिनों में बारिश का पानी गली और लोगों के घरों में भी भर सकता है इसे गंभीर बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /20546/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 01-05-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20546
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00001** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DURGA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEERALAL CHOUDHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. UMA DEVI MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GHANSHYAM MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जयदेव सिंह बाबरा**
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

## चंदनडीह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से रोजाना 18 मिलियन लीटर उपचारित पानी का पुनः उपयोग करेगा एनएसपीसीएल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एनएसपीसीएल भिलाई और रायपुर नगर निगम ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत के साथ चंदनडीह स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से प्रतिदिन 18 मिलियन लीटर उपचारित जल एनएसपीसीएल उपयोग में लेगा।



प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे के दिशा-निर्देशों और निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसका उद्देश्य उपचारित जल का औद्योगिक उपयोग कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना है। शनिवार को एनएसपीसीएल के भिलाई कार्यालय में इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। नगर निगम के अपर आयुक्त श्री विनोद पांडे, कार्यपालन अभियंता श्री अंशुल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता श्री योगेश कडु, एनएसपीसीएल के बिजनेस यूनिट हेड श्री नील कुमार शर्मा और जीएम श्री आलोक सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान हुआ। उल्लेखनीय है कि एनएसपीसीएल, नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) का संयुक्त उपक्रम है।

**जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम-** जल्द ही इस प्रोजेक्ट की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इसके बाद पाइप लाइन बिछाने का कार्य आरंभ होगा जिसका खर्च एनएसपीसीएल वहन करेगा। अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत) और पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस पहल से एनएसपीसीएल की ताजे व मीठे पाने के स्रोतों और भू-जल पर निर्भरता कम होगी। गौरतलब है कि चंदनडीह स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता 75 मिलियन लीटर प्रतिदिन है।

## राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर औद्योगिक सांख्यिकी के संबंध में औद्योगिक इकाइयों के साथ परिसंवाद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा दिनांक 24.05.2025 को भक्त माता कर्मा परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर स्थित कार्यालय परिसर में औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ औद्योगिक सांख्यिकी पर संवाद एवं विचार-विमर्श का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अलताफ़ हुसैन हाजी, उप महानिदेशक, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, रायपुर के अतिरिक्त संचालक श्री एन. के. बुलीवाल भी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम का संचालन श्री आर. के. श्रीवास्तव, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री अलताफ़ हुसैन हाजी, उप महानिदेशक ने देश की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण करने वाली इकाइयों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इन इकाइयों से प्राप्त होने वाले रियल टाइम डाटा के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु नीतियों का निर्माण एवं अब तक की प्रगति का मूल्यांकन अच्छी तरह से किया जा सकेगा। उन्होनें विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों एवं सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने हेतु राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण की भूमिका के संबंध में प्रतिभागियों को अवगत कराया।

## देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवनी पर संगोष्ठि का आयोजन

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** शासन के निर्देशानुसार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती 10 दिन तक निगम भिलाई क्षेत्र में मनाया जा रहा है। इसी के तारतम्य में अहिल्या बाई के जीवनी पर संगोष्ठि का आयोजन नेहरू नगर भेलवा तालाब में किया गया। जिसमें प्रबुद्ध लोगो द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होल्कर ने 18वीं शताब्दी में किस प्रकार से होल्कर साम्राज्य का विस्तार की, इसके बारे में परिचर्चा की गई।




नगर निगम भिलाई के जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर सामान्य परिवार में पैदा होकर अपने कुशल नेतृत्व, संघर्षीलता, ईश्वर के प्रति भक्ति के बल पर होलकर वंश महारानी बन गयी। उन्हें दूरदर्शी महिला शासकों में के रूप में जाना जाता है। चाहे विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हो, स्त्रियों की शिक्षा, सब वर्ग का सम्मान, अपने राज्य में औद्योगीकरण को लागू करना, धर्म का प्रचार प्रसार उन्होंने कुशलतापूर्वक किया। रानी पहली शासक थी जिन्होंने भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन योजना लागू की उसे समय उनके वेतन से कुछ अंश कट करके रखा जाता था उतना ही राशि जोड़ करके उनके रिटायरमेंट के बाद उन्हें पेंशन प्रदान किया जाता था। अपनी सहेली का विधवा विवाह सर्वप्रथम उन्होंने ही करवाया था। जो पूर्व के राजा सोचने से डरते थे उन कार्यों को संघर्ष करके कर डालती थी। डॉक्टर ललित पोपट ने कहा 31 मई 1725 को अहमद नगर के चौंड़ी गांव में जन्मी अहिल्या के पिता मनकोजी राव शिंदे ग्राम प्रधान थे, अहिल्या बाई शुरू से ही संस्कारिक, धार्मिक एवं सामाजिक रिती-रिवाजों में पली बढ़ी थी। भगवान शंकर के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा थी।

उद्योगपति सुभाष गुलाटी ने लोगो को समझाते हुए बताया कि देवी अहिल्या आम लोगो की समस्याओं को जानने के लिए रात में भेष बदलकर नगर में घूमा करती थी खुद समस्याओं से और जनता के विचारों से अवगत होती थी और उसका निराकरण करती थी। भारत विकास परिषद के सचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक अच्छी कूटनीतिज्ञ थी बड़े-बड़े राजा उनके कूटनीतिक चाल में फंस जाते थे यह सोच करके कहीं महिला रानी से हार गया तो बहुत बेज्जती होगा। उनके राज्य से मित्रता कर लेते थे। राजकाज के साथ-साथ विभिन्न गतिविधिया जैस मंदिरो, घाटों, कुओं, तालाबों और विश्राम गृह तीर्थ स्थलों तक निर्माण शामिल था।

## उद्योग मंत्री आज नीट, जेईई विद्यार्थियों के कार्यक्रम में



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन सोमवार 26 मई को सवेरे 10 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर कोरबा में जिला प्रशासन द्वारा कक्षा 10 एवं 12 वीं के मेरिट स्थान वाले विद्यार्थियों को नीट/जेईई निःशुल्क कोचिंग हेतु रायपुर प्रस्थान कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**रायपुर, छ.ग.**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

राप्रक/202504113700019/अ-6 / वर्ष 2024-25
रायपुर, दिनांक 01/05/2025

प्रति, 1. मेघराज प्रजापति पिता जेठमल प्रजापति. 2. संदीप प्रजापति पिता मेघराज प्रजापति दोनो निवासी न्यू शांति नगर रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदिका श्रीमती रीना छाबरिया पति स्व. महेश छाबरिया निवासी जवाहर नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम टाटीबंध, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 101/33 का भाग नकया 6603 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेतागण मेघराज प्रजापति पिता जेठमल प्रजापति, सदीप प्रजापति पिता मेघराज प्रजापति दोनों निवासी न्यू शांति नगर रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08/02/2005 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हित्तबद्ध पक्षकार है।

अब आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 27/05/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपदीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

एनएमडीसी
NMDC
**एनएमडीसी अपोलो सेंट्रल हॉस्पिटल**
(अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइज लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा संचालित)
जिला - दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बचेली - 494553 (छत्तीसगढ़)
फोन-07857-230050, ईमेल-nmdcapollo@gmail.com
Apollo HOSPITALS TOUCHING LIVES

रोजगार अधिसूचना संख्या 05/2025 — दिनांक: 24.05.2025.

**"साक्षात्कार में पधारें"**

एनएमडीसी अपोलो सेंट्रल हॉस्पिटल, बचेली को इसके नवीनतम उपकरण और उत्कृष्ट बुनियादी अधोसंरचना से युक्त अस्पताल के लिए निम्नलिखित पेरामेडिकल स्टाफ की आवश्यकता है.

| क.सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | आयु सीमा | मासिक वेतन (रू.) | साक्षात्कार का दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक डायलिसिस तकनीशियन | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से बी. एस.सी. (डायलिसिस टेक्नोलॉजी) उत्तीर्ण, अनुभव - किसी भी 100 बिस्तर वाले अस्पताल/ प्रतिष्ठित डायलिसिस सेन्टर में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव | 35 वर्ष से कम | 34100/- | 30.05.2025 (शुक्रवार) |
| 2. | सहायक रेडियोग्राफर (सीटी तकनीशियन) | किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से रेडियोग्राफी में स्नातक अथवा रेडियोग्राफी में बी.एस.सी. (ऑनर्स) अनुभव- किसी भी 100 बिस्तर वाले अस्पताल/ प्रतिष्ठित सीटी स्कैन सेन्टर में न्यूनतम तीन वर्ष का सीटी तकनीशियन का अनुभव। | | 34100/- | |

साक्षात्कार का दिनांक : दिनांक 30 मई 2025 (शुक्रवार)
समय : प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक (रजिस्ट्रेशन हेतु)
स्थान : एनएमडीसी ऑफिस (जीईसी), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला, शेजबहार, रायपुर - (छत्तीसगढ़)

मुख्य चिकित्सा प्रशासक

एनएमडीसी
NMDC
**एनएमडीसी अपोलो सेंट्रल हॉस्पिटल**
(अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइज लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा संचालित)
जिला - दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बचेली - 494553 (छत्तीसगढ़)
फोन-07857-230050, ईमेल-nmdcapollo@gmail.com
Apollo HOSPITALS TOUCHING LIVES

रोजगार अधिसूचना संख्या 04/2025 — दिनांक: 20.05.2025.

**"साक्षात्कार में पधारें"**

एनएमडीसी प्रोजेक्ट अस्पताल, किरन्दुल को इसके नवीनतम उपकरण और उत्कृष्ट बुनियादी अधोसंरचना से युक्त अस्पताल के लिए निम्नलिखित पूर्णतः अस्थायी नर्सिंग एवं पेरामेडिकल स्टाफ की आवश्यकता है.

| क.सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | आयु सीमा | मासिक एकमुश्त वेतन (रू.) | साक्षात्कार का दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टाफ नर्स | बी.एस.सी. नर्सिंग, अनुभव - 02 वर्ष अथवा जीएनएम, अनुभव - 03 वर्ष किसी भी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से। | 30 वर्ष से कम | 18600/- | 29.05.2025 (गुरूवार) |
| 2. | सहायक डायटीशियन | बी.एस.सी. (फुड एण्ड न्यूट्रीशन) / डायटेटिक्स में पीजी डिप्लोमा, अनुभव - 02 वर्ष अथवा एम.एस.सी. (फुड एण्ड न्यूट्रीशन), अनुभव - 01 वर्ष | 30 वर्ष से कम | 17050/- | 30.05.2025 (शुक्रवार) |
| 3. | सहायक ऑप्टोमेट्रीस्ट | ऑप्टोमेट्री में स्नातक, अनुभव - 02 वर्ष अथवा ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा के साथ 03 वर्ष का अनुभव। | | 17050/- | |
| 4. | ड्रेसर | हायर सेकेंड्री परीक्षा (+2) उत्तीर्ण तथा ड्रेसर कोर्स का प्रमाण पत्र, अनुभव - 01 वर्ष। | | 13950/- | |
| 5. | ओटी तकनीशियन | हायर सेकेंड्री परीक्षा (+2) विज्ञान में उत्तीर्ण तथा साथ में ओटी तकनीशियन का प्रमाण पत्र, अनुभव - 01 वर्ष ऑपरेशन थियेटर में। | | 13950/- | |
| 6. | सहायक फार्मासिस्ट | बी.फार्मा, अनुभव - 02 वर्ष अथवा डी.फार्मा के साथ 03 वर्ष का अनुभव किसी भी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में। | 30 वर्ष से कम | 17050/- | 31.05.2025 (शनिवार) |
| 7. | सहायक लैब तकनीशियन | बी.एस.सी. एवं डी.एम.एल.टी. अथवा बी.एम.एल.टी. के साथ ब्लड कम्पोनेन्ट एवं सेप्रेशन लैब में 03 वर्ष का अनुभव। | | 17050/- | |
| 8. | सहायक रेडियोग्राफर (सीटी तकनीशियन) | रेडियोग्राफी में स्नातक, अनुभव- 02 वर्ष अथवा डिप्लोमा के साथ 03 वर्ष का सीटी तकनीशियन का अनुभव। | | 17050/- | |
| 9. | वार्ड अटेण्डेंट | दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण तथा साथ में किसी भी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव। | 30 वर्ष से कम | 12400/- | 01.06.2025 (रविवार) |

साक्षात्कार का दिनांक : उपरोक्तानुसार दिनांक 29 मई 2025 से 01 जून 2025 तक
समय : प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक (रजिस्ट्रेशन हेतु)
स्थान : एनएमडीसी ऑफिस (जीईसी), हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला, शेजबहार, रायपुर - (छत्तीसगढ़)

उपरोक्त साक्षात्कार हेतु रजिस्ट्रेशन उसी दिन प्रातः 11.30 बजे बंद हो जाएगी। स्टाफ नर्स पद हेतु दिनांक 29 मई 2025 को उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार अगले दिन भी जारी रहता है, तो एक अतिरिक्त दिन रूकने के लिए तैयार रहने की सलाह दी जाती है।

सूचना: अनुभव की गणना सम्बंधित नर्सिंग काउंसिल/पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकरण की तिथि से की जाएगी।

महत्वपूर्ण सूचना: सम्पूर्ण विज्ञापन के लिए कृपया एनएमडीसी की वेबसाईट : nmdc.co.in में देखें।

मुख्य चिकित्सा प्रशासक

# अब रजिस्ट्री के बाद जमीन का होगा स्वत: नामांतरण, अभिलेख भी होंगे दुरूस्त

### रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां विषय पर एक दिवस कार्यशाला आयोजित

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ में जमीन के पंजीयन प्रक्रिया में 10 क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। यह सुशासन की सरकार का ऐतिहासिक कदम है। जिला प्रशासन द्वारा पंजीयन विभाग अंतर्गत रजिस्ट्री के प्रमुख 10 सुधारों के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बी.एस उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा शामिल हुए।

कार्यशाला में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि ब्रिटिश कालीन पंजीयन अधिनियम 1908 तथा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के पुराने नियम आज भी चल रहे हैं, जिससे अनेक प्रकार की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आती हैं। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इसे आधुनिकीकृत, सरलीकृत और पारदर्शी बनाने की दिशा में पहल की है जो वास्तव में प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत देगी। पंजीयन के कार्य में इन 10 प्रकार की सुविधाओं से सरलीकरण और पारदर्शिता आई है, जिसका लाभ क्रेता और विक्रेता दोनों को होगा। इसके तहत अब जमीन के खरीददारों को रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए किसी भी कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब स्वत: नामांतरण की सुविधा मिलेगी। रजिस्ट्री होते ही स्वत: नामांतरण कर बी-1 खसरा जैसे अभिलेख भी दुरूस्त कर दिये जायेंगे। कार्यक्रम में मौजूद विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि पंजीयन के प्रणाली में किये गये 10 बदलाव के बेहतर क्रियान्वयन से आमजनों को सुविधा होगी। साथ ही ऑनलाइन प्रणाली में सुधार होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर उईके ने छत्तीसगढ़ सरकार के इस नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए सरकार निरंतर अच्छे फैसले ले रही है। इसी के तहत अगले कड़ी में पंजीयन विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया को अद्यतीकृत किया गया है, जिसमें 10 प्रकार के कार्य सम्मिलित हैं, इसमें रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वत: निर्माण, घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज बनाने की सुविधा, फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड, घर बैठे रजिस्ट्री, रजिस्ट्री के साथ स्वत: नामांतरण, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण पत्र, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान, वाट्सएप सेवाएं तथा डिजिलॉकर सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाने तथा जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि मौजूद थे।

### संयुक्त संचालक ने बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा जारी गरियाबंद जिले के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक संभागीय संचालक राकेश पांडे द्वारा स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में लिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत ने बताया कि गरियाबंद जिले में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90.17 प्रतिशत तथा दसवीं का परीक्षा परिणाम 80.70 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमश: 8 प्रतिशत तथा 3 प्रतिशत अधिक है। विगत दो वर्ष में गरियाबंद जिले का रेंक अभूतपूर्व ढंग से बढ़ा है। गरियाबंद जिले का रैंक 12वीं में 22 स्थान से चौथे स्थान पर एवं दसवीं में 19वें स्थान से 14 वे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या दसवीं में 26 प्रतिशत से बढ़कर 37 प्रतिशत एवं 12वीं में 25 प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत हो गया है। साथ-साथ शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की संख्या दसवीं में 6 से बढ़कर 23 एवं 12वीं में 6 से बढ़कर 11 हुआ है। संयुक्त संचालक राकेश पांडे ने गरियाबंद जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम की तारीफकरते हुए जिला शिक्षा अधिकारी,सभी प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रयास निरंतर जारी रहना चाहिए तथा अगले वर्ष अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए अभी से तैयारी में जुट जाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि गरियाबंद जिले में बोर्ड परीक्षा परिणाम का श्रेय उपसंचालक आशुतोष चावरे को जाता है।

# समाधान शिविर में लोगों के आवेदनों का हो रहा त्वरित निराकरण

### छुरा के ग्राम चरौदा में आयोजित हुआ समाधान शिविर

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चरौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां चरौदा सहित अन्य आसपास गांव के लोगों ने भी उपस्थित होकर अपने - अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। सुशासन तिहार के दौरान चरौदा क्लस्टर अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सफ्लतापूर्वक निराकरण किया जा रहा है।



सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को जानना एवं उनका यथा संभव निराकरण भी करना है। इसी तारतम्य में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों के गांवों के नजदीक क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। शिविर में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान कर गोदभराई रस्म एवं शिशुओं का अन्नप्रासन किया गया।

# पार्षद जाहिद हुसैन ने पार्षद निधि से कराया मंदिर द्वार पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

### वार्ड की प्रत्येक समस्याओं का निराकरण व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जगदलपुर शहर के प्रवीर वार्ड क्रमांकङ्क01 में वार्ड पार्षद व शहर जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन व महापौर संजय पांडे के द्वारा लक्ष्मीनारायण मंदिर द्वार पर पुलिया के निर्माण कार्य का पार्षद निधि से भूमिपूजन किया गया।

इस भूमिपूजन में मुख्य रूप से निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,लोक निर्माण के सभापति निर्मल पानीग्राही,स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा,निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। प्रवीर वार्ड पार्षद जाहिद हुसैन ने कहा वार्ड की प्रत्येक समस्याओं का निराकरण करना व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है..वार्ड को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। आगे भी वार्ड के विकास को लेकर हमेशा कृतसंकल्प रहूंगा।



### राजस्व कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**महासमुंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजस्व लिपिक संघ जिला शाखा महासमुंद की साप्ताहिक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश स्तर से प्रांतीय सचिव मुकेश कुमार तिवारी और महासमुंद जिलाध्यक्ष गजपति जगत के नेतृत्व में राजस्व कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कर्मचारियों के वार्षिक गोपनीय चरित्रवाली, पदक्रम सूची में त्रुटियों को सुधारने, विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक, राजस्व न्यायालयों में अन्य विभाग से संलग्न कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार भारमुक्त करवाने, राजस्व न्यायालय के वाचकों को हो रही समस्याओं का समाधान करने और रिटायर कर्मचारी को पुन: संविदा में नहीं लिए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

राजस्व कार्यालय के सभी लिपिक साथियों को बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम से देश की 140 करोड़ जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हैं - भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बूथ क्रमांक 107 में कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 122 संस्करण शहर के सदर वार्ड में बूथ क्रमांक 107 में कार्यकर्ताओं व गणमान्य नागरिकों के साथ सुना।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम पर गर्व करते हुये आपरेशन सिन्दूर को बदलते भारत की तस्वीर व अदम्य साहस, संकल्प का प्रतीक बताया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के द्वारा देश की 140 करोड़ जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। आज समूचा देश व समस्त देशवासी आपरेशन सिन्दूर की सफ्लता से गर्वित हैं और भारतीय सेना का सारा देश अभिनंदन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कहा है कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुये आपरेशन सिन्दूर से भारत का सिर ऊंचा किया। भारत का संकल्प आतंक को समूल समाप्त करना है और आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में बदलते बस्तर का जिक्र करते हुये दंतेवाड़ा जिले के छात्र छात्राओं द्वारा 10वीं-12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन की सराहना की। यह हम सभी बस्तर वासियों के लिये गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ सहित हमारा बस्तर नितदिन विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। आज मन की बात कार्यक्रम के श्रवण के दौरान निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य संजय विश्वकर्मा, नरेंद्र जैन, गोदावरी साहू, राजकुमार तम्बोली,रुपेश जैन, निर्मल सिंह राजपूत, मयंक नत्थानी, अभिषेक तिवारी, मनी विक्रम नायडू, अनिमेष चौहान, झरना महन्ती,अलका दास, गुड्डू विश्वकर्मा इत्यादि सहित कार्यकर्ताओं व नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** बिलासपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष का अभियान केवल एक दिन तक सीमित न होकर एक विस्तारित कालखंड में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें चरणबद्ध रूप से जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में 22 मई को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम **End Plastic Pollution** को ध्यान में रखते हुए जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं इसके समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था। इसकी शुरुआत प्रात: 07 बजे महाप्रबंधक



कार्यालय परिसर से स्टेशन परिसर तक प्रभात फेरी निकाली गई । जिसमें स्कूल के बच्चे, स्काउट्स एवं गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस के स्वयंसेवक, उसलापुर प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु, हश्वद्ध संस्थान के स्वयंसेवक, तथा सिविल डिफेंस के सदस्य, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता संजय विश्वास, वरि.उप महाप्रबंधक मनोज गुरुमुखी, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ भरत लाल, मुख्य यांत्रिक अभियंता (पर्यावरण) जी अप्पाराव, अपर मंडल रेल प्रबंधक चंद्रभूषण, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी जमकियार, मंडल पर्यावरण एवं हाउस कीपिंग प्रबंधक एस साईं रमेश सहित मुख्यालय एवं बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों के लगभग 340 अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

बिलासपुर स्टेशन परिसर में कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिनमें प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों और इससे बचाव के उपायों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। साथ ही, इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों द्वारा थीम आधारित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को अत्यंत प्रभावित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने प्लास्टिक मुक्त वातावरण की दिशा में कार्य करने की प्रतिज्ञा ली और समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में 23 मई को मंडल के कोचिंग डिपो सहित विभिन्न वर्कशॉप में प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाए रखने के प्रति सभी को जागरूक किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### समाधान शिविर एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



**बास्तानार (विश्व परिवार)।** बास्तानार मण्डल के ग्राम पंचायत बड़े काकलूर में समाधान शिविर कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का स्थल पर ही समाधान करते हुए प्रशासनिक सेवाओं को सुगम और सुलभ बनाया गया।


समाधान शिविर के पश्चात क्षेत्र में विकास की नई दिशा प्रदान करने हेतु कुल ?33.75 लाख की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों से स्थानीय मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद की जा रही है। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ बास्तानार मण्डल के समस्त पदाधिकारीगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। विधायक जी ने अपने संबोधन में क्षेत्र के सतत विकास हेतु शासन की प्रतिबद्धता को दोहराया और सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की। यह कार्यक्रम क्षेत्रीय समन्वय, जनभागीदारी और प्रशासनिक प्रयासों का सशक्त उदाहरण बना, जिससे ग्रामीण अंचल में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

### सर्व हिंदू समाज बस्तर संभाग के नई कार्यकारिणी सदस्यों की गई घोषणा



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर संभाग मुख्यालय के मां दुर्गा मंदिर शांति नगर वार्ड में सर्व हिंदू समाज बस्तर संभाग द्वारा आयोजित बैठक में नई कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा निर्वाचन अधिकारी महेंद्रकांत संघाणी द्वारा की गई । सर्व हिंदू समाज के पूर्व के बैठक में अध्यक्ष पद हेतु धर्मचंद शर्मा एवं सचिव पद के लिए रंजीत पांडेय निर्विरोध निर्वाचित हुए थे, और इस बैठक में प्रबंध कार्यसमिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातनी बंधुगण मातृ शक्ति उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सर्व हिंदू समाज सभी सदस्यों ने हिंदू समाजों के हित में सर्व हिंदू समाज को उत्तरोत्तर अग्रसर करने नई कार्यसमिति के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। निर्वाचन अधिकारी महेंद्रकांत संघाणी ने सर्व हिंदू समाज नई कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा कर इसकी पूरी जानकारी देते हुए बताया कि नई कार्यसमिति में संरक्षक मंडल में महेंद्र कांत संघाणी, अशोक अरोरा, वी बालकृष्ण, दशरथ कश्यप, शारदा प्रसाद सिंग, जगत सिंह ठाकुर के संरक्षण में सर्व हिंदू समाज के संचालन हेतु अध्यक्ष धर्मचंद शर्मा, सचिव रंजीत पांडेय, उपाध्यक्ष जे पी सिंह, सुदर्शन पाणिग्रही, योगेश सिंग ठाकुर, सह सचिव सुनील दास, निर्मल यादव, मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष शिव नारायण चांडक, सह कोषाध्यक्ष तेजपाल जसवाल, सुंदर भोजवानी, कार्यकारिणी सदस्यों में वीएम. दूधी, मनोरंजन राय, वी वासुदेव, कौशिक शुक्ला, सुनील गिरधर, किशोर जाधव, जेके. पाराशर, नीलकंठ पांडे, सोन साय कश्यप, हेमंत साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**महासमुंद (विश्व परिवार)।** कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा आज जिला पंचायत के कक्ष में आयोजित बैठक में की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. आलोक, कार्यक्रम अधिकारी, एन.आर.एल.एम., जनपद सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लंबित एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनमन आवासों को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एन.आर.एल.एम. से जुड़े बी.पी.एम. को निर्देशित किया गया कि वे मसाला, फिनाईल आदि निर्माण में संलग्न स्व-सहायता समूहों को छात्रावासों से जोड़ें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

# संपादकीय

## देश विरोधी नेटवर्क से जुड़ना अक्षम्य अपराध

हरियाणा की एक यूटयूबर को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ज्योति मल्होत्रा नाम की इस आरोपी को हिसार स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, और अदालत ने पूछताछ के लिए उसे पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-स्टेट इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़े जासूसी नेटवर्क के खिलाफ देश की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कार्रवाई तेज करने के फलस्वरूप हुई है। इससे पहले एक महिला समेत दो लोगों को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पंजाब के मलेरकोटला से गिरफ्तार किया गया था। वे भी पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात कुछ अधिकारियों के संपर्क में थे। हरियाणा के कैथल जिले के गुहला में भी एक युवक को जासूसी के आरोप में दबोचा गया है। ये तमाम गिरफ्तारियां इस लिहाज से चौंकाने वाली है कि आरोपी स्लीपर के रूप में मौजूद थे, और समाज में इस कदर सक्रिय थे कि उन पर पहली नजर में शक होना तक संभव नहीं था। ये पाकिस्तान उच्चायोग के कुछ अधिकारियों के जाल में फंसे तो लालच के चलते फंसे। चाहते थे कि इस प्रकार मिलने वाले धन से ऐश की जिंदगी जी जाए। धन कमाने की लालसा होना कोई अपराध नहीं है, लेकिन इस लालसा के वशीभूत होकर देश विरोधी नेटवर्क से जुड़ जाना अक्षम्य अपराध है। आरोपी ज्योति के यूटयूब चैनल के 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं। लेकिन शोनाशौकत की जिंदगी जीने की इच्छा ने उसे कानून के शिंकजे में धकेल दिया। वह पाकिस्तान के अलावा कई दूसरे देशों में भी घूम-फिर चुकी है। उसके मोबाइल फोन में कोड में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारियों के नंबर मिले हैं, जिनसे वह निरंतर संपर्क में रहती थी और देश की महत्त्वपूर्ण जानकारी और सूचनाएं उन तक पहुंचा रही थी। हैरान करने वाली बात यह है कि वह देशभक्ति का लबादा ओढ़ कर अपनी करतूतों तो अंजाम दे रही थी। इन लोगों की गिरफ्तारियां भारतीय एजेंसियों की यकीनन बड़ी सफलता है, परंतु जरूरी है कि इनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। उन लोगों तक भी पहुंचा जाए जिनके ये लोग संपर्क में थे। यह काफी बड़ा जाल हो सकता है।

# ज्ञान,संस्कृति और परंपरा के सम्मान का उत्सव

–डॉ. सुनील जैन




जैन परंपरा में अनेक पर्व ऐसे हैं जो आत्मशुद्धि, तप, आराधना और ज्ञान के जागरण से जुड़े हैं। इन्हीं में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है श्रुत पंचमी, जिसे ज्ञान पंचमी अथवा श्रुतपंचमी पर्व भी कहा जाता है। यह पर्व जेष्ठ शुक्ल पंचमी को मनाया जाता है और विशेष रूप से जैन आगमों (शास्त्रों) की वंदना एवं उनकी शुद्धता की भावना से जुड़ा है। यह पर्व जैन समाज में शास्त्रों की आराधना के रूप में अत्यंत श्रद्धा व समर्पण से मनाया जाता है।

श्रीमत्केवलीभाषितं जिनशासनमुत्तमम्।
श्रुतराजं नमस्यामि सर्वदु:ख विनाशकम्॥

**श्रुत पंचमी का ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व :** जैन परंपरा में आगम को भगवान महावीर की द्वादशांगवाणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। श्रुत परंपरा जैन -धर्म -दर्शन में ही नहीं वैदिक परंपरा में भी चरमोत्कर्ष पर रही है। इसी के फ्लस्वरूप वेद को श्रुति के नाम से संबोधित किया जाता रहा।

**श्रुत पंचमी जैन धर्म का प्रमुख पर्व है-** पहले भगवान महावीर केवल उपदेश देते थे और उनके प्रमुख शिष्य (गणधर) उसे सभी को समझाते थे, क्योंकि तब महावीर की वाणी को लिखने की परंपरा नहीं थी। उसे सुनकर ही स्मरण किया जाता था इसीलिए उसका नाम 'श्रुत' था। एक कथा के अनुसार दो हजार वर्ष पहले जैन धर्म के एक प्रमुख संत धरसेनाचार्य को अचानक यह अनुभव हुआ की उनके द्वारा अर्जित जैन धर्म का ज्ञान केवल उनकी वाणी तक सीमित है। उन्होंने सोचा की शिष्यों की स्मरण शक्ति कम होने पर ज्ञान वाणी नहीं बचेगी। ऐसे में मेरे समाधि लेने से जैन धर्म का संपूर्ण ज्ञान खत्म हो जाएगा, तब धरसेनाचार्य ने पुष्पदंत एवं भूतबलि की सहायता से षटखण्डागम की रचना की और उसे ज्येष्ठ शुक्ल की पंचमी को प्रस्तुत किया। देश की प्राचीन भाषा प्राकृत में लिखे इस शास्त्र में जैन धर्म से जुड़ी कई अहम जानकारियां हैं। इस ग्रंथ में जैन साहित्य, इतिहास, नियम आदि का वर्णन है जो किसी भी धर्म के लिए बेहद आवश्यक होते हैं। प्राकृत भाषा को हाल में भारत सरकार ने शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- हमारी सरकार भारत के समृद्ध इतिहास और संस्कृति का सम्मान करती है और क्षेत्रीय भाषाओं को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि कैबिनेट ने असमिया, बंगाली, मराठी, पाली और प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का निर्णय लिया है। ये सभी सुंदर भाषाएं हैं, जो हमारी जीवंत विविधता को दर्शाती हैं। सभी को बधाई। भारतीय संस्कृति का अक्षय भंडार है जैन साहित्य : जैन परंपरा का साहित्य भारतीय संस्कृति का अक्षय भंडार है । जैन आचार्यों ने ज्ञान -विज्ञान की विविध विधाओं पर विपुल मात्रा में स्व- परोपकार की भावना से साहित्य का सृजन किया। आज भी अनेक शास्त्र भंडारों में हस्तलिखित प्राचीन ग्रंथ विद्यमान हैं ।जिनकी सुरक्षा, प्रचार-प्रसार, संपादन, अनुवाद निरंतर हो रहा है। प्राचीनकाल में मंदिरों में देव प्रतिमाओं को विराजमान करने में जितना श्रावक पुण्य लाभ मानते थे उतना ही शास्त्रों को ग्रंथ भंडार में विराजमान करने का भी मानते थे । यह श्रुत पंचमी महापर्व हमें जागरण की प्रेरणा देता है कि हम अपनी जिनवाणी रूपी अमूल्य निधि की सुरक्षा हेतु सजग हों तथा ज्ञान के आयतनों को प्राणवान स्वरूप प्रदान करें।






**पांडुलिपियां हमारी अमूल्य धरोहर :** जैन प्राचीन पांडुलिपियों में हमारी सभ्यता आचार-विचार और अध्यात्म विकास की कहानी समाहित है । उस अमूल्य धरोहर को हमारे पूर्वजनों ने अनुकूल सामग्री एवं वैज्ञानिक साधनों के अभाव में रात-दिन खून पसीना एक करके हमें विरासत में दिया है। इस पर्व पर संकल्प लें कि पांडुलिपियों का सूचीकरण करके व्यवस्थित रखवाया जाय, लेमिनेशन करके अथवा माइक्रोफिल्म तैयार करवा कर सैकड़ों हजारों वर्षों तक के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है और अप्रकाशित पांडुलिपियों को प्रकाशित किया जाए । मां जिनवाणी को संरक्षित करने, उसका हम संरक्षण और संवर्द्धन करने के लिए आगे आएं।

परुसा सक्कअ बंधा पाउअ बंधोवि होउ सुउमारो।
पुरुसमहिलाणं जेत्तिअमिहन्तरं तेत्तिअमि माणं ।।

श्रुत पंचमी की पूजा-पद्धति:

इस दिन विशेष रूप से जिनवाणी (शास्त्र) का पूजन किया जाता है। जिनवाणी को पालकी में बिठाकर शोभायात्रा निकाली जाती है। शास्त्र स्वाध्याय, सामायिक, प्रतिक्रमण और वाचन प्रमुख अनुष्ठान होते हैं।

**श्रुत पंचमी और षट्खंडागम:** श्रुत पंचमी पर विशेष रूप से षट्खंडागम की पूजा की जाती है क्योंकि यह ग्रंथ जैन आगम परंपरा का मूल स्तंभ है। षट्खंडागम और कषायपाहुड़ (कसायपाहुड़) को जैन धर्म का आधार माना जाता है।

**श्रुत पंचमी का समकालीन संदर्भ में महत्व:** आज जब भौतिकता और तर्कप्रधान युग में धर्मग्रंथों से दूर जाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे में श्रुत पंचमी हमें धार्मिक ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों की पुन: स्थापना की प्रेरणा देती है। यह पर्व इस बात की याद दिलाता है कि—ग्रंथ केवल अध्ययन की वस्तु नहीं, बल्कि आचरण की भी प्रेरणा हैं। ज्ञान की रक्षा केवल पुस्तकों को सहेजने से ही नहीं, बल्कि उनके अनुशीलन, मनन और प्रसार से होती है।

**समकालीन सन्दर्भ में प्रासंगिकता :** आज के सूचना और प्रौद्योगिकी युग में भी श्रुत ज्ञान का महत्व उतना ही है जितना प्राचीनकाल में। क्योंकि—शास्त्र हमारे संस्कारों के स्रोत हैं। शास्त्र आचरण का दर्पण हैं। शास्त्र आत्मा को जागृत करते हैं। श्रुत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और परंपरा के सम्मान का उत्सव है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि जितना महत्वपूर्ण मुनियों का तप है, उतना ही महत्वपूर्ण है शास्त्रों का संरक्षण। शास्त्रों के बिना धर्म का आचरण संभव नहीं, और धर्म के बिना आत्मकल्याण नहीं। अत: श्रुत पंचमी पर संकल्प लें कि हम शास्त्रों का पठन-पाठन करेंगे, बच्चों को इससे जोड़ेंगे, और ज्ञान के इस अमूल्य निधि को पीढ़ियों तक पहुँचाएंगे। यही इस पर्व की सच्ची आराधना है।

जिनवाणीं नमस्यामि जीवदया-विवर्धिनीम्।
मोक्षमार्गप्रदायिनीं धर्मज्ञानविवर्धिनीम्॥

श्रुत पंचमी पर्व हमें प्रेरणा देता है कि हम शास्त्रों की पूजा केवल प्रतीकात्मक न करें, बल्कि उन्हें समझें, पढ़ें और जीवन में उतारें।

## आलेख

# रूस यूक्रेन युद्ध में अब ट्रंप नहीं घुसेंगे, पॉप फ्रांसिस लियो पर जिम्मेदारी छोड़ी

अजय दीक्षित

यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध से अपने आप को अलग कर लिया और जिम्मेदारी पॉप फ्रांसिस लियो पर छोड़ दी है। उल्लेखनीय है कि यूएस प्रेसिडेंट चुने जाने पर उन्होंने कहा था कि रूस यूक्रेन युद्ध समाप्त होगा। लेकिन चार महीने कोशिश करने के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप को एक मझे हुए खिलाड़ी की तरफ बेबस कर दिया ।इस घटना को अंतराष्ट्रीय बिरादरी में अमेरिका की विदेश नीति की धज्जियां उड़ गई हैं। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने चाइना से भी टैरिफ बार में समझौता कर लिया। पिछले चार महीनों में जो कुछ ट्रंप ने करने की कोशिश की वह फलीभूत नहीं हुई। दूसरी ओर युक्रेन के राष्ट्रपति जिलेशकी को यूरोप का पूरा समर्थन मिल रहा है। यूरोपीय संघ ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने की घोषणा कर दी है। यूरोपीय देशों ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली,में ट्रंप को लेकर बहुत ही अनिश्चिता का भाव है ।उद्यपि ये देश नाटो के सदस्य हैं लेकिन इन दिनों नाटो का नेता अमेरिका ही विचित्र माहौल बना रहा है। ट्रंप पर से भरोसा उठता जा रहा है ।पुतिन अपनी शर्तों पर युद्ध विराम चाहते हैं उनकी एक ही शर्त है कि किसी भी कीमत पर युद्ध में विजय भूभाग यूक्रेन को बापिस नहीं करेंगे और हर्जाना भी बसूल करेंगे ।अब यह युद्ध खत्म नहीं होने जा रहा है क्योंकि पुतिन अब आक्रामक मुद्रा में हैं। जलेशकी की हालत सांप छछूंदर की हो रही है इधर कुआं उधर खाई करें तो क्या करे। बताया जाता है रूस ने यूक्रेन के चालीस फीसदी भूभाग पर कब्जा कर लिया है जहां रशियन भाषा बोली जाती है ।यही उसका प्लान था और है । दरअसल यूक्रेन 1991,से पहले पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा था। युक्रेन विशाल देश है और अनाज, खनिज का भंडार है। दूसरे एक बात और है यूक्रेन पर नाटो में शामिल होने का भूत सवार था और वह अपनी रूस से सुरक्षा चाहता था। ऐसा भरोसा यूरोपीय देशों ने दिया था। लेकिन रूस इतना विशाल देश है कि उसके पास हथियारों का जखीरा है। विश्व सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक भी है। भारत को एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम उसी ने दिया है जिससे पाकिस्तान के नूर खान, एयरबेस की फर्खच्चे उड़ गए। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने बताया कि अब वह रूस यूक्रेन युद्ध में हस्तक्षेप नहीं करेगा। कहने उन्होंने पॉप फ्रांसिस लियो को जिम्मेदारी दी है ।यूरोपीय देशों ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली,में ट्रंप को लेकर बहुत ही अनिश्चिता का भाव है ।उद्यपि ये देश नाटो के सदस्य हैं लेकिन इन दिनों नाटो का नेता अमेरिका ही विचित्र माहौल बना रहा है। ट्रंप पर से भरोसा उठता जा रहा है ।पुतिन अपनी शर्तों पर युद्ध विराम चाहते हैं उनकी एक ही शर्त है कि किसी भी कीमत पर युद्ध में विजय भूभाग यूक्रेन को बापिस नहीं करेंगे और हर्जाना भी बसूल करेंगे ।अब यह युद्ध खत्म नहीं होने जा रहा है क्योंकि पुतिन अब आक्रामक मुद्रा में हैं। जलेशकी की हालत सांप छछूंदर की हो रही है इधर कुआं उधर खाई करें तो क्या करे। बताया जाता है रूस ने यूक्रेन के चालीस फीसदी भूभाग पर कब्जा कर लिया है जहां रशियन भाषा बोली जाती है ।यही उसका प्लान था और है । दरअसल यूक्रेन 1991,से पहले पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा था। युक्रेन विशाल देश है और अनाज, खनिज का भंडार है। रूस और युक्रेन दोनों देशों में अधिकतर ईसाइयत ही हैं ।हो सकता है कि रूस अपनी शर्तों पर पॉप फ्रांसिस लियो के कहने पर युद्ध रोकने का फैसला ले लें मगर जीत हासिल भूभाग बापिस नहीं करेगा। पुतिन इस मामले में बहुत घाघ हैं। अब बारी हंगरी, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया की है।

## आदरांजलि

# ऋषि तुल्य व्यक्तित्व श्री रामजीलाल अग्रवाल

### जन्म-सन् 1929 77, निर्वाण- 24 मई,2025...

छत्तीसगढ़ की राजधानी में अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर वर्तमान काल तक जिन-जिन व्यक्तित्वों को सामाजिक सफ्लता का प्रतीक माना गया उनमें आदर्श उदाहरण रहे- श्री रामजीलाल अग्रवाल। जीवन पर्यंत जिन्होंने पीड़ित मानवता के कल्याण की अपनी राह नहीं छोड़ी। टीबा बसाई झुंझनू , [ राजस्थान ] से आकर छत्तीसगढ़ के रायपुर में रच बस गए और इस माटी के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। आज 96 वें वर्ष उन्होंने अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर मोक्ष की यात्रा अंगीकार कर ली।

ऋषि तुल्य गौ साधक रामजीलालजी ने जितना जीवन जीया वह केवल अग्रवाल सभा के लिए ही नहीं, अन्य समाजों के लिए भी प्रेरक बना रहा। एक व्यक्ति अपने जीवन में परिवार सहित समाज के कल्याण की खातिर किस हद तक सोच सकता है वे इसका अतुलनीय उदाहरण थे। सही मायनों में अनथक कर्म योगी।

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान उन्हें वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक के रूप में पहचानता था।अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक तो वे थे ही। इन सबके पहले एक विशाल कुटुम्ब को संभालने वाले आदर्श परिवार के मुखिया भी थे। श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, राजधानी के सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ बृजमोहन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल के वे पिता और श्री विष्णु अग्रवाल के बड़े भाई, पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल के चाचा, एवं देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल के ताऊजी थे।

रामजीलाल अग्रवालजी से जो कोई एक बार मिल ले तो उन्हें भूलता नहीं था। ता-उम्र शुभ वस्त्रों में रहे। गांधी टोपी उनकी सुगठित कदकाठी को अधिक सम्मोहक बनाती थी। उनका जीवन संघर्षों की मिसाल था तो सफ्लता का भी सुंदर प्रतीक था। सक्रियता के दौर तक उन्होंने भरपूर जीवन जीया और दूसरों को प्रेरणा देते रहे। कैसी भी परिस्थितियाँ क्यों न रही हों, व्यक्ति को सदैव अपना आत्मविश्वास बनाये रखना चाहिए। जीवन में दु:ख और निराशा को वे पानी का बुलबुला कहते थे जो टिकता नहीं।

प्रत्येक आगंतुकों के लिए सदैव मुस्कुराते हुए उपलब्ध रहना वैसा गुण आज के समय में दिखाई नहीं देता! अपनी सक्रियता के दिनों में वे हरेक के लिए उपलब्ध रहा करते थे। उनसे कोई कभी भी मिल सकता था। आगंतुकों की उम्मीदों को यथा संभव पूरा करने की सकारात्मकता ऐसी कि कोई भी मुग्ध हो जाए। स्वास्थगत समस्याओं से जूझने के दौरान भी व्हील चेयर पर बैठे रहते और स्वयं से मिलने वालों को इशारों से भोजन का आग्रह करते जाते थे - जिसके लिए उनका प्राय: सभी कौतुक करते थे।

इधर दो वर्षों से, जब से वे उम्र की चुनौतियों से जूझ रहे थे उसके पहले उन्हें खाली बैठे हुए कभी देखा नहीं जाता था। यदि कुछ न कर रहे हों, तब भी व्यस्त रहना उनकी जीवन शैली थी। दिनचर्या रात 11 बजे बिस्तर पर जाते समय तक निर्बाध चलती जाती। पहट के 4.30 बजे या 5.00 बजे तक किसी भी परिस्थितियों में बिस्तर छोड़ देने की आदत हमेशा बनाए रखीं। इसके बाद गौ-सेवा से दिन का आरंभ होता था।



आज अग्रवाल समाज यदि वृहद पैमाने पर सक्रिय और एकजुट है तो इसमें उनका योगदान और समर्पण एक बड़ा कारण है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय अनेक जिलों की भरपूर यात्राएँ वे किया करते थे। कारण होता था समाज के प्रत्येक आम-ओ-खास को अग्रसेन जयंती उत्सव हेतु प्रेरित करना। इसके पीछे उनका मानना था कि भागीदारी से ही समाज एकजुट होता है। कालांतर में वे इस बात से प्रसन्न होते थे कि जो बिरवा कभी अपने साथियों के साथ उस काल में रोपा था वह आज आदर्श और अनुकरणीय ऊंचाईयाँ छू रहा है। नए लोगों को यह तथ्य पता न होगा कि विवाह के तुरंत बाद पैतृक ग्राम टीबाबसई ( राजस्थान ) से उन्हें रायपुर आने का अवसर मिला। सन् 1951 का साल था वह और देश आजाद हुए 3 साल ही बीते थे। जब आए तो रामसागरपारा में ही अपने व्यवसायिक स्वप्न पूरा करने में जुट गए। सामाजिक गतिविधियों से उनका जुड़ाव शुरू हुआ सन् 1969 के दौरान।

समाज बिखरा और बेतरतीब क्यों है?

यह सवाल उन्हें चुभता जाता था। हालांकि सन् 1961 से ही उनकी दिलचस्पी सामाजिक मामलों को लेकर जाग गई थी। स्व. बिशम्भर दयाल अग्रवाल, स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल आदि उस दौर के वे बड़े नाम थे जिनके साथ काम करने का सिलसिला शुरू हुआ। नौजवान होते हुए भी उनके इरादों में छिपी समाज के लिए कुछ कर गुजरने की तड़फउभरने लगी थी। उस दौर में रायपुर शहर में आयोजित एक बड़ा परिचय सम्मेलन समाज सेवा की ओर खुलने वाला उनका पहला बड़ा क़दम था। तब समाज के भीतर इस बात को ठीक तरह से बिठाना कि सामूहिक विवाह में ही भला है! एक कठिन काम था। इसी प्रकार मितव्ययिता के लिए उस दौर में प्रेरित करना भी कितना मुश्किल रहा होगा समझना आसान है। उनकी कामयाबी और सफ्लता का असर उनके समूचे खानदान और तीसरी , चौथी पीढ़ी तक फैला हुआ दिखाई देता है। लेकिन पीछे मुड़कर देखा जाए तो उनकी संघर्ष गाथा अपने आप में एक मिसाल बनकर सामने आती है।




वे समाज में अनेक अनेक पदों पर वे रहे। जैसे- मध्यप्रदेश अग्रवाल सभा का उपाध्यक्ष पद 1991 से 2003 तक और अग्रवाल सभा में अध्यक्ष दायित्व उन्होंने 4 बार उठाया। तीन मर्तबा तो सर्वसम्मति से उनका नाम तय हुआ और एक मर्तबा लोकतांत्रिक ढंग से यानी जीतकर आये। उस चुनाव को पुराने हमराही आज भी रामजीलाल अग्रवाल के जीवन के दुर्लभतम उदाहरणों में रखकर याद करते हैं। कारण था हारा हुआ प्रतिद्धदी भी अपना ही भाई है!यह सोचकर उसे तत्काल रामजीलाल जी ने गले से लगाकर संदेश दिया कि समाज को बिखरने से बचाये रखना है।

महावीर गौशाला के साथ तो उनका नाता रहा। सन् 1967 से गौशाला जाने का प्रारंभ किया। गौशाला का दायित्व अध्यक्ष के रूप में सन् 1988 से संभालना आरंभ किया। बाद में अनेक साल उन्हें यह जिम्मेदारी उठानी पड़ी। गौ सुरक्षा की दृष्टि से भी उनका कार्यकाल बहुतेरी योजनाओं के लिए लोकप्रिय रहा। मसलन शेड, पानी और हरा चारा की भरपूर व्यवस्था। गौशाला में आम भागीदारी बढ़े इस दिशा में सोचने वाले भी वे ही कहलाए। यदि सामाजिक जिम्मेदारियों की ही बात की जाए तो अग्रवाल सभा रायपुर में संरक्षक, छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल महासभा में अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन में सलाहकार की हैसियत से भी काम किया, करवाया। पदों को लेकर उनका अपना दृष्टिकोण भी उनकी खुली दृष्टि को बयान करता था जैसे कि प्राय: कहते थे कि अध्यक्ष जैसे पद उनकी नजर में सिर्फ नाम के लिए होते हैं , वरना काम तो सभी को करना पड़ता है।

उनकी लगन और क्षमता ने उन्हें और भी संस्थाओं, संस्थानों से जोड़ा। पं. र. वि. वि. शुक्ल विश्वविद्यालय , रायपुर ने उन्हें सन् 1991 में कार्यकारिणी के रूप में भी गौरवान्वित किया।

उनके जीवन का लंबा समय समाज के साथ गुजरा। लेकिन जैसे कल की बात हो। आँखों के सामने वह बीता दौर रह-रह कर घूमने लगता है। कैसे एक-एक ईंट जोड़कर समाज को मजबूत करने की कोशिश उन्होंने की थी। संगठन जैसा आधार उस समय विकसित नहीं था, लेकिन नजरें लक्ष्य पर थीं और पीछे हटना या परिस्थितियों से हार जाना मंजूर नहीं रहा। खुली आँखों से सपने देखें जो पूरे होते गये। इसे उनकी कार्यशैली ही कहें कि प्रतिष्ठा और सम्मान भी निरंतर पाया।

तत्कालीन उप राष्ट्रपति श्री भैरो सिंह शेखावत, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री ओमप्रकाश चौटाला और गुजरात के राज्यपाल से भी सम्मानित हुए। बतौर गौ-सेवक छत्तीसगढ़ राज्य ने भी उन्हें ( राज्य अलंकरण ) सम्मानित किया।

उन्होंने अपने लम्बे अनुशासित जीवन के कुछ मूल मंत्र बना रखे थे। उस दौर में छोटे-मोटे मतभेद तो होते ही थे बावजूद मतभेदों को मनभेद नहीं बनने दिया और विरोधियों के प्रति भी स्नेह भाव रखा।

वास्तविक अर्थों में वे विशाल कुटुम्ब छोड़ गए हैं। सभी संतानें भी सफ्ल सामाजिक, व्यवसायिक जीवन में भी व्यस्त हैं।

जीवन में अच्छा आहार, अच्छा ज्ञान, अच्छी संगत मिलें तो नौजवानों से बेहतर नजीता प्राप्त किया जा सकता है। इस ध्येय वाक्य के साथ अपने समस्त जीवनकाल में पथ प्रदर्शक की हैसियत से ऊर्जा देते रहे।

धूप-छांव से भरी हुई इस खूबसूरत, लेकिन ( उन्हीं के शब्दों को दोहराएं तो ) श्रम से भरी हुई अपनी इस गहरी यात्रा को जब भी पीछे मुड़कर देखता था तो संतोष का यही धन मुझे अपनी जमा पूंजी नज़र आता रहा।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/धर्म समाज/देश
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### तालबेहट में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारम्भ, शिक्षा के साथ मिलें बच्चों को अच्छे संस्कार- मुकेश शास्त्री



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में स्थानीय एवं क्षेत्र के विभिन्न जैन मंदिरों में 8 दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिला शिविर संयोजक डॉ. आलोक शास्त्री एवं पं. मुकेश शास्त्री के मार्गदर्शन में तालबेहट के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का भव्य शुभारम्भ किया गया। जिससे बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार मिलें एवं जैन धर्म की प्रवचना के साथ श्रमण संस्कृति जयवंत हो। कार्यक्रम के शुभारम्भ में रचना पुष्पेंद्र जैन ने ध्वजारोहण एवं अलका हितेंद्र पवैया ने मंगल कलश की स्थापना की। विनय कुमार नीलेश जैन गरेठा एवं देवेंद्र जैन बसार ने शांतिधारा का आयोजन किया। तत्पश्चात मूलनायक वासुपूज्य स्वामी, भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी एवं पारसनाथ स्वामी का पूजन विधान किया। सांगानेर से पधारे हर्ष भैया बड़ागांव एवं नितिन भैया टीकमगढ़ के नेतृत्व में शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रत्नकरण्डक श्रावकाचार, तत्त्वार्थसूत्र, द्रव्य संग्रह, छहढाला एवं बालबोध की कक्षाओं का शुभारम्भ किया। जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया, जिसका समापन 31 मई को होगा। संचालन पावागिरि क्षेत्र प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने किया। आभार व्यक्त प्रवीण भंडारी एवं कपिल मोदी ने संयुक्त रूप से किया। – **विशाल जैन**

### स्वर्गीय श्री रामजीलाल जी अग्रवाल समाज सेवा क्षेत्र के पितामह थे



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री भारत वर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश रारा ने स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल को अपनी विनयांजलि में कहा कि परम गौ भक्त एवं अग्रवाल समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष रामजीलाल जी अग्रवाल का समाज सेवा के क्षेत्र में पितामह के सदृश स्थान था। वे सर्व समाज के प्रिय थे। राज्य अलंकरण से विभूषित श्री अग्रवाल के निधन से छत्तीसगढ़ प्रदेश ने एक महान गौ भक्त खो दिया। वह हमारे राजस्थान क्लब के संरक्षक थे। हम उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### 29 मई से 12 जून तक कबीरधाम में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**किसानों को उन्नत तकनीकों और योजनाओं की दी जाएगी जानकारी, वैज्ञानिक करेंगे गांव-गांव संवाद**

**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वावधान में जिले के गांव-गांव तक पहुंचेगा, जहां वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और शासन की योजनाओं की जानकारी देगी। अभियान के दौरान खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए उन्नत खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन और संतुलित खादों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों के अनुभव, नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जाएगी। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। कबीरधाम जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 6-6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। प्रत्येक टीम में आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ एवं एफआईजी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

## क्षेत्र पर दिया गया दान और महापूजा सातिशय पुण्य का कारण बनता है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज



**सम्मेदशिखरजी ( विश्व परिवार )।** दान और पूजा के जो भाव और परिणामों में निर्मलता तथा विशुद्धता श्री सम्मेदशिखर तीर्थ पर आकर बनते है, वह भाव आपके घरेलु वातावरण में नहीं बनते, क्षेत्र पर दिया गया दान और महापूजा सातिशय पुण्य का कारण बनता है, उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने मध्यलोक में आयोजित श्री गणधर वलय विधान के अन्तर्गत प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने पुण्यआश्रव और सातिशय पुण्यआश्रव पर चर्चा करते हुये कहा कि किसी भूखे को भोजन कराना पुण्य का आश्रव है, लेकिन किसी सिद्धभूमी या किसी क्षेत्र पर जाकर समूह में महापूजा करना सातिशय पुण्य का कारण बनता है, उन्होंने कहा कि जो लोग शुभमति माताजी के साथ तीन दिवसीय गणधर बलय विधान सपरिवार कर रहे है, उन सभी का सातिशय पुण्य है, पूर्वाचार्यों की भाषा पड़ना वहूत कठिन है, लेकिन निर्ग्रंथों की भाषा बहूत सरल होती है। विधान के प्रथम दिवस हम लोगों का आना ही एक शुभ संकेत है, उन्होंने विधानकर्ता परिवारों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि एक फूल तो तन मन को खिला देता है, अमृत का एक कण भी जिला देता है,

काफी है सबेरा के लिये सूरज की एक किरण, एक बीज तो सारी धरती को हिला देता है- इस अवसर पर मुनि श्री पवित्र सागर महाराज ने संवोधित करते हुये कहा कि जिन शासन में परिणामों का महत्व है, जिसमें कोई भी कथन एकांत से न करते हुये अनेकांत से होता है, मुनि श्री पूज्यसागर ने कहा कि तीर्थंकरों की दिव्यध्वनि, अर्थात भगवान की वाणी आत्मकल्याण के लिये थी न कि आपस में वंटने के लिये, मुनि श्री ने कहा कि पहले हटाग्रह ने तीन सौ तिरेसठ मत बना दिये और हम आज भी बंटे हुये है। भगवान की वाणी तो मन को पवित्र बनाने के लिये खिरी थी हम सभी लोग उसे पवित्र बनायें ।इस अवसर पर गणनी आर्यिका शुभमतिमाजी ने भी सम्वोधित किया, मुनिसंध के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं गुणायतन के मुख्य जन संपर्क अधिकारी वीरेंद्र जैन ने बताया प्रात:काल मुनि संघ गुणायतन से स्थानीय मंदिरों की वंदना करने के उद्देश्य को लेकर बीस पंथी दिगंम्वर जैन मंदिर पहुंचे, तथा परिसर के सभी मंदिरों की बंदना की एवं मध्यलोक के दर्शन कर धर्मसभा को सम्वोधित किया मध्यान्ह में गुणायतन परिसर से पर्वतराज की वंदना हेतु निकले रात्री में गौतम गणधर स्वामी पर विश्राम करके प्रात: पांच बजे पर्वत की वंदना होगी एवं भगवान शांतिनाथ स्वामी का मोक्षकल्याणक प्रात: पर्वत पर ही लाडू चड़ाकर मनाया जाऐगा आहार चर्या गुणायतन से ही संपन्न होगी। –**अविनाश जैन**

## शान्ति नाथ त्रिकाल चौबीस के कारण नगर बन गया तीर्थ : विजय धुर्रा



**अशोकनगर ( विश्व परिवार )।** आज भारत वर्ष के प्रत्येक कोने से नगर में तीर्थयात्राओं का आवागमन लगा रहता है यहां तक कि जिन साधु संतों को इस मार्ग से पैदल यात्रा ना भी करना हो वे सब श्री शान्ति नाथ त्रिकाल चौबीस की वंदना के निमित्त से हमारे नगर में पधारकर हमें सेवा का सौभाग्य प्रदान करते हैं ये सब परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज द्वारा नगर में भारत वर्ष की अदुतिये श्री शान्तिनाथ त्रिकाल चौबीस के कारण संभव हो रहा है ऐसे तीन पदों के धारी भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी का निर्वाण कल्याणक सोमवार को शान्ति नगर में विराजमान भगवान श्री शांतिनाथ का निर्वाण कल्याणक श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी एवं शान्ति नगर ट्रस्ट कमेटी के संयोजन में भक्ति भाव पूर्वक मनाया जायेगा उक्त आश्य केउद्गार सुभाषगंज में जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने व्यक्त किए

इसके पहले राजेश कासल के मंत्रोच्चार के साथ मंगलाष्टक का पाठ किया गया तद उपरांत जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर की मधुर ध्वनि और भक्ति गीतों के बीच पडूक शिला पर भक्तों द्वारा अभिषेक के साथ ही जगत कल्याण की कामना के लिए महा मंत्रो के उच्चारण के बीच शान्तिधारा की गई।

**जगत कल्याण की कामना के लिए हुई शान्ति धारा**- इस अवसर पर जैन युवा वर्ग के संरक्षक शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि सोमवार हम सब के लिए बहुत विशेष दिवस है परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने इस दिन को शान्ति धारा दिवस घोषित किया गया है भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी के समय से ही जिन धर्म की अविरल धारा चल रही है और ये भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी के समय से निरन्तर चली आ रही है हम सब भी शान्ति धारा दिवस पर भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी का निर्वाण लाडू समर्पित कर निर्वाण कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनायेंगे

**भक्ति भाव से निर्वाण लाडू समर्पित किया जयेगा**- मुख्य समारोह शांति नगर स्थित श्रीशांतिनाथ त्रिकाल चौबीस जिनालय शान्ति नगर में होगा वहीं सभी मन्दिरो में भगवान के निर्वाण कल्याणक पर लाडू समर्पण के साथ विशेष पूजा अर्चना की जायेगी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय के टी संयोजक श्रेयांस जैन उमेश सिघई मनीष सिंघ ई मनोज रन्नौद सह संयोजक धनकुमार वल्ला चन्द्रेश वासल अविनाश धुर्रा सहित सभी प्रमुख जनो ने सभी भक्तों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निवेदन किया है।

## निर्वाचन आयोग द्वारा कानूनी ढांचे को सशक्त बनाने हेतु अधिवक्ताओं एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने कानूनी ढांचे को सुदृढ़ और आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप पुन: सरेखित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में किया।

सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और देश के 28 उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 36 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य आयोग की कानूनी संरचना को उभरती परिस्थितियों और विधिक चुनौतियों के अनुरूप रूपांतरित करते हुए समन्वय को सुदृढ़ बनाना है। सम्मेलन में गैर-प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण अपनाने और समुचित सुनवाई के अवसर सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। यह एक दिवसीय सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग और देश के प्रमुख विधि विशेषज्ञों के बीच संवाद और विचार-विमर्श का एक प्रभावी मंच बना। यह रणनीतिक पहल भारत में निर्वाचन न्यायशास्त्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार आयोग के विधिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा में आयोग की विधिक टीम की तैयारी, दक्षता और समन्वय विशेषकर निर्वाचन कानून, न्यायिक प्रक्रियाओं और विधिक सुधारों से संबंधित पहलुओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस संवाद के माध्यम से आयोग ने न्यायिक मंचों पर अपनी विधिक प्रस्तुति की प्रभावशीलता को और अधिक सशक्त करने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त, शुक्रवार को आयोग ने नई दिल्ली स्थित IIIDEM में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन भी आयोजित किया। यह सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग की IT पहलों को सशक्त करने एवं एक ठोस रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोग ने वर्ष 2025 में एक नई पहल प्रारंभ की है, जिसके तहत एक एकीकृत डैशबोर्ड 'ECINET' का डिज़ाइन और विकास किया जा रहा है। यह डैशबोर्ड सभी हितधारकों को विधिक प्रावधानों के दायरे में प्रासंगिक डेटा तक एकल विंडो एक्सेस प्रदान करेगा। यह अभिनव प्रयास आयोग की सभी ICT पहलों को एकीकृत मंच पर लाकर डिजिटल परिवर्तन को गति देगा।

## भोरमदेव कॉरिडोर से पर्यटन विकास को मिलेगी नई पहचान : नीलू शर्मा

**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने कहा है कि कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, और भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। कवर्धा प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और बाबा भोरमदेव से प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना की। श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन व विशेष प्रयासों से भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत कबीरधाम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है।

## कुलदीप राकां एवं पंकज ओझा ने लिया दिगम्बर जैन मुनि जयकीर्ति महाराज से आशीर्वाद

**महाआरती एवं भक्ति संध्या में झूमे श्रद्धालु, जैन रामायण कथा का आज होगा भव्य समापन, दस दिवसीय जैन रामायण कथा में उमड़े श्रद्धाल**

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** मनुष्य को नश्वरता के लिए जीवन व्यर्थ नहीं करना चाहिए। श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई भक्ति एवं प्रत्येक कार्य का फल मीठा होता है। मनुष्य को अपने जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिए। ये उदगार गुलाबी नगरी जयपुर की पावन धरा पर पहली बार दुर्गापुरा के श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्र प्रभजी में राजस्थान जैन युवा महासभा, जैन कनेक्ट, दुर्गापुरा जैन मंदिर ट्रस्ट एवं महिला मंडल दुर्गापुरा के संयुक्त तत्वावधान में चल रही। दस दिवसीय जैन रामायण कथा के आठवें दिन रविवार को मुनि जयकीर्ति महाराज ने व्यक्त किये।

उन्होंने कथा के दौरान राम सीता लक्ष्मण का अयोध्या में प्रवेश, मथुरा में महामारी, सीता का वनवास आदि प्रसंगो का चिरपरिचित शैली में चित्रण किया।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया एवं जिला महामंत्री सुभाष बज ने बताया कि प्राचीन जैन ग्रन्थ %पद्मपुराण% पर आधारित जैन रामायण कथा के संगीतमय आयोजन भगवान चन्द्र प्रभू के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन राजस्थान जैन सभा की कार्यकारिणी सदस्या राखी जैन, ऋषि जैन पलक जैन एवं विनोद जैन कोटखावदा, जय कुमार जैन, राजा बाबू गोधा, जिनेन्द्र जैन जीतू, डॉ मोहन लाल मणि, प्रकाश चांदवाड, राजेन्द्र काला, अनुज जैन, अतीव जैन आदि ने किया। ब्रह्मचारिणी पल्लवी दीदी एवं मुनि भक्त जिनेन्द्र जैन जीतू द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया।

मुनि जयकीर्ति महाराज के पाद पक्षालन नेमी चन्द-मंजू, अंकुर-निधि लुहाड़िया परिवार, राजा श्रेणिक परिवार तथा वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी कुलदीप राकां, अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग नियंत्रण आर ए एस अधिकारी पंकज ओझा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप लुहाड़िया एवं मुनि भक्त भाग चन्द कोठ्यारी ने किया। कथा के मुख्य श्रोता राजा श्रेणिक के रुप में ज्ञान चन्द – स्नेह लता, सन्नी – डिम्पल, मोहांशी, सुखांशु दाखियां परिवार टौक वालो का गाजों बाजों के साथ सभागार में जयकारों के बीच आगमन हुआ।




राजा श्रेणिक परिवार परिवार द्वारा मुनि श्री को जिनवाणी भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजा श्रेणिक ज्ञान चन्द – स्नेह लता दाखियां परिवार द्वारा किये गये प्रश्न का मुनि श्री द्वारा समाधान के रुप में रविषेणाचार्य द्वारा रचित प्राचीन जैन ग्रन्थ पद्मपुराण में उल्लेखानुसार जैन रामायण कथा का वाचन प्रारम्भ किया। गुरुदेव के मुखारविंद से चल रही भव्य राम कथा में आठवे दिन में बहुत सुंदर प्रसंग आते हैं राम लक्ष्मण सीता का लंका में 6 साल निकलते हैं विभीषण राम को लंका का राजा बनाना चाहते हैं लेकिन राम मना कर देते हैं फिर राम लक्ष्मण और सीता का अयोध्या में प्रवेश होता है माता और भाई से आत्मीय मिलन होता है बहुत ही सुखदक्षण आते हैं प्रजाजन और सभी मिलकर के बहुत स्वागत करते हैं और फिर भरत को वैराग्य हो जाता है कहते है संसार में कोई भी परिजन शरण नहीं है धर्म ही शरण है सिद्धात्म ही परम शरण है उसी समय भरत को देखकर के त्रिलोकमंडल हाथी का क्रोध शांत हो जाता है और उस हाथी को जाती स्मरण हो जाता है कहां हम दोनों दोस्त थे और वह राजा और मैं हाथी बना और हाथी भी अणुव्रत को ग्रहण करता है. भरत 1000 राजाओं और 300 स्त्रियोंके सात केकेई भी दीक्षा ले लेती है और भरत को मोक्ष हो जाता है और राम का राज्याभिषेक होता है....मथुरा में चमरेंद्र के द्वारा महामारी होती है. सप्त ऋषि के द्वारा महामारी का नाश होता है सप्त ऋषियों का महिमा मंडन होता है. सीता के द्वारा किमिंचिक दान दिया जाता है फिर प्रजा के द्वारा सीता का अवर्णवाद होता है राम के लिए पुन: असहनीयक्षण आते हैं और पुन: सीता का वनवास हो जाता है।

–**विनोद जैन कोटखावदा**

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शी शासन के कारण भारत बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : कैट

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उनकी आर्थिक सुधारों, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी विकास के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ने भारत को वैश्विक मंच पर प्रमुख स्थान दिलाया है- यह कहना है कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी का।

अमर पारवानी ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए सुधार, संघर्ष और पुनरुत्थान की कहानी है। उनका जन-हितैषी दृष्टिकोण, राजकोषीय अनुशासन और व्यवसाय-समर्थक नीतियाँ भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बना रही हैं। यह छोटे व्यापारियों के लिए बड़े कारोबारी बनने का एक सुनहरा अवसर है, जिससे उन्हें वित्तीय अनुशासन, सशक्तिकरण और डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाने में मदद मिलेगी। अमर पारवानी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत ने न केवल वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना किया है, बल्कि दीर्घकालिक और सतत विकास की एक मजबूत नींव भी रखी है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, गति शक्ति और पीएलआई योजनाओं जैसे रणनीतिक अभियानों ने प्रमुख क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया है, बुनियादी ढांचे को सशक्त किया है और रिकॉर्ड स्तर पर विदेशी निवेश को आकर्षित किया है। अमर पारवानी ने कहा कि इस उपलब्धि से भारत को अनेक लाभ मिलेंगे जैसे वैश्विक मान्यता और विश्वसनीयता, जिससे भारत की वैश्विक हैसियत मजबूत होगी, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसकी सौदेबाज़ी की शक्ति बढ़ेगी और वह वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को दिशा देने वाला एक प्रमुख देश बनकर उभरेगा। साथ ही, यह उपलब्धि भारत में निवेशकों का विश्वास और अधिक बढ़ाएगी, जिससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI), पूंजी प्रवाह और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गहरी भागीदारी सुनिश्चित होगी। अमर पारवानी ने कहा कि इससे देश में रोजगार के अवसर और उद्यमिता में वृद्धि होगी, विशेष रूप से भारत की विशाल युवा आबादी के लिए। एक मजबूत अर्थव्यवस्था भारत को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, स्मार्ट सिटी, लॉजिस्टिक नेटवर्क और ग्रामीण विकास में निवेश करने में सक्षम बनाएगी। यह सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण योजनाओं में अधिक खर्च करने का अवसर देगा, जिससे सभी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। भारत का तेज़ी से बढ़ता डिजिटल परिवर्तन और नवाचार-आधारित अर्थतंत्र एआई, फिनटेक, अंतरिक्ष और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नई उपलब्धियाँ हासिल करता रहेगा।

अमर पारवानी ने कहा कि भारत का यह उदय एक अस्थिर वैश्विक परिदृश्य में अवसर, स्थिरता और प्रगति का प्रतीक है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है और आगे का सफर इससे भी अधिक उज्ज्वल संभावनाओं से भरा है।

## स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम : दुर्ग में लाइफस्टाइल क्लीनिक रोगों की रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य का नया माध्यम बना




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रोगों की रोकथाम और जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने आयुष मंत्रालय के अंतर्गत देशभर लाइफस्टाइल क्लीनिकों की स्थापना करने के लिए सराहनीय पहल की है। इसी के अंतर्गत अप्रैल माह में दुर्ग में मोहनलाल बाकलीवाल शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में एक लाइफस्टाइल क्लीनिक का आरंभ किया गया। एक माह के अंदर ही इस क्लीनिक में मरीजों की भीड़ लगने लगी है। राष्ट्रीय आयुष मिशन की एक समीक्षा बैठक रायपुर में हुई, उसके बाद केंद्रीय आयुष विभाग के अधिकारियों ने चुनिंदा पत्रकारों के साथ दुर्ग के इस मोहनलाल बाकलीवाल शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय को भेंट देकर उसके कार्यान्वयन की समीक्षा की।

इन अधिकारी एवं पत्रकारों को जानकारी देते हुए आयुष विभाग के सह निदेशक डाक्टर सुनील दास ने बताया कि, यह लाइफस्टाइल क्लीनिक मरीजों के लिए काफी मददगार साबित हो रहा है। जहाँ मरीजों को आहार, दिनचर्या, योग अभ्यास और तनाव प्रबंधन तकनीकों के बारे में संरचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। प्रारंभिक लाभार्थियों ने अपने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर में सुधार और संपूर्ण ऊर्जा व मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि, यह क्लीनिक विशेष रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायरॉइड विकार, मोटापा, तनाव और जोड़ों के दर्द जैसे जीवनशैली जनित रोगों के उपचार हेतु आयुर्वेद, योग, आहार परामर्श और जीवनशैली प्रबंधन के माध्यम से सेवा प्रदान करता हैं

दास ने कहा कि, इस क्लिनिक में बुजुर्गों के अलावा युवा भी लक्षणीय मात्रा में आते है। बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण ये रोग आज युवाओं में भी तेजी से बढ़ रहे हैं। पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली जहां केवल लक्षणों के उपचार पर केंद्रित होती है, वहीं यह लाइफस्टाइल क्लीनिक समग्र दृष्टिकोण अपनाता है, जो कि मूल कारण की पहचान, व्यक्तिगत जीवनशैली में बदलाव, प्राकृतिक उपचार और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देता हैं। उन्होंने कहा कि, उपचार के लिए इस क्लीनिक में योग्य आयुर्वेद चिकित्सक, योग विशेषज्ञ और प्रशिक्षित परामर्शदाता नियुक्त किए गए हैं।

लाइफस्टाइल क्लीनिक आवश्यकता बताते हुए सहायक निदेशक डॉक्टर गजेंद्र बघेल ने कहा कि, इस क्लीनिक द्वारा बिना चीरफाड़ के सस्ता और प्रभावी इलाज किया जाता है, रोग होने से पहले ही बचाव पर बल दिया जाता है और दीर्घकालिक दवाओं पर की निर्भरता कम करने का प्रयास किया जाता है। निरंतर स्वास्थ्य अभ्यासों से जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने का तथापि आधुनिक परिवेश में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## व्यापार समाचार

## अब पीएफ का पैसा ट्रांसफर करना हो गया आसान, ईपीएफओ ने बदल दिया ये नियम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नौकरीपेशा लोगों के लिए अब पीएफ का पैसा ट्रांसफर करवाना और भी आसान हो गया है। सर्विस पीरियड में ओवरलैप की वजह से पीएफ ट्रांसफर का क्लेम रिजेक्ट नहीं किया जाएगा। जब भी आप नौकरी बदलते हैं, तो वो अपने पुराने एंप्लॉयर के ईपीएफ खाते से नए एंप्लॉयर के ईपीएफ अकाउंट में बैलेंस ट्रांसफर कर सकता है। इसी को ट्रांसफर क्लेम कहते हैं। लेकिन इसमें कई बार ऐसा होता है कि पुराने और नए एंप्लॉयर की सर्विस डेट्स ओवरलैप हो जाती है। जिसके कारण ट्रांसफर क्लेम को रिजेक्ट कर दिया जाता है। इसको लेकर ईपीएफओ ने अब साफ किया है कि अब ट्रांसफर क्लेम को सिर्फ इसलिए रिजेक्ट नहीं किया जाएगा क्योंकि दो कंपनियों की सर्विस डेट्स में ओवरलैप है। जारी किए गए नए सर्कुलर के मुताबिक, अगर किसी ट्रांसफर क्लेम में ओवरलैपिंग डेट्स मिलती हैं तो इसका मतलब हुआ कि क्षेत्रीय ऑफिस को उस क्लेम को रिजेक्ट नहीं करना है। आपको तब ही सफाई देनी होगी जब असल में ऐसा करने की जरूरत हो। इसके लिए ट्रांसफर ऑफिस को ये जिम्मेदारी दी गई है वो बिना क्लेम को लौटाए या फिर रिजेक्ट किए, प्रोसेस को आगे बढ़ाएं और केवल जरूरी मामलों में ही जवाब दें।

## स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए मजबूत परिणाम पेश किए, 13.9 प्रतिशत की मजबूत रेवन्यू ग्रोथ के साथ 14.2 प्रतिशत की पैट में वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।** फार्मास्यूटिकल और केमिकल इंडस्ट्रीज़ के लिए भारत के लीडिंग हाई-एंड इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक, स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और पूरे वित्तीय वर्ष के लिए अपने ऑडिट किए गए फाइनेंसियल रिजल्ट्स की घोषणा की। स्टैंडर्ड ग्लास फार्मा और केमिकल सेक्टर्स के लिए एक संपूर्ण इंजीनियरिंग सलूशन प्रदाता है। कंपनी फार्मा और केमिकल हाई-एंड प्रोसेस इक्विपमेंट्स के लिए एक सुपर ब्रांड हैं और दोनों इंडस्ट्रीज के लिए एक संपूर्ण सलूशन प्रदाता हैं। कंपनी ने मजबूत रेवन्यू ग्रोथ, बेहतर मार्जिन और प्रमुख रणनीतिक विकास के आधार पर ठोस प्रदर्शन किया है, जिससे भविष्य में भी कंपनी की ग्रोथ जारी रहेगी। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी के मैनेजिंग डायरेक्टर नागेश्वर राव कंडुला ने कहा, वित्त वर्ष 25 स्टैंडर्ड ग्लास के लिए खास वर्ष था। स्थगित निर्यात के बावजूद, हमने सभी प्रमुख मीट्रिक में दोहरे अंकों की वृद्धि हासिल की। यह हमें वित्त वर्ष 26 के लिए एक मजबूत शुरुआत देता है और हमारे मॉडल की फ्लेक्सिबिलिटी और स्कैलेबिलिटी को दर्शाता है। हम एक्सीइंग ग्लोबल मार्केट के लिए नई तकनीकों और उच्च प्रदर्शन वाले इक्वैपमेंट द्वारा संचालित एक ग्रोथ लेवल में प्रवेश कर रहे हैं। जीएल हक्को जापान और आईपीपी यूएसए के साथ हमारी पार्टनरशिप वास्तविक कमर्शियल ट्रैक्शन में तब्दील हो रही है। एक मजबूत ऑर्डर बुक, नई प्रोडक्ट लाइनों और इन्फ्रास्टक्चर और इनोवेशन में निरंतर निवेश के साथ, एसजीएलटीएल का भविष्य उज्ज्वल और परिवर्तनकारी है।


## सोनी इंडिया ने BRAVIA 2 II टेलीविज़न सीरीज़ के साथ इमर्सिव 4K मनोरंजन के एक नए युग का अनावरण किया

**नई दिल्ली:** सोनी इंडिया ने आज अपना नवीनतम इनोवेशन, BRAVIA 2 II सीरीज़ पेश किया, जिसमें 4K अल्ट्रा HD LED डिस्प्ले तकनीक है, जिसे अपग्रेड करने की चाह रखने वालों के लिए मनोरंजन के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। Google TV के साथ एकीकृत, यह उपयोगकर्ताओं को उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार व्यक्तिगत रूप से कई तरह के ऐप, स्ट्रीमिंग सेवाएँ और लाइव टीवी चैनल एक्सेस करने की सुविधा देता है। सोनी की नई BRAVIA 2 II सीरीज़ 108 सेमी (43), 126 सेमी (50), 139 सेमी (55), 164 सेमी (65) और 189 सेमी (75) स्क्रीन साइज़ में उपलब्ध है। इसमें X1 पिक्चर प्रोसेसर है, जो शोर को कम करने और विवरण को बढ़ाने के लिए उन्नत एल्गोरिदम का उपयोग करता है। और भी स्पष्ट 4K सिग्नल के साथ, आप जो कुछ भी देखते हैं वह वास्तविक 4K रिज़ॉल्यूशन के करीब दिखाई देता है, जो लाइव कलर तकनीक द्वारा संचालित जीवंत रंगों से समृद्ध है। नया BRAVIA 2 II 4K टेलीविज़न आपको शानदार 4K विजुअल्स का अनुभव देता है, जो वास्तविक दुनिया के विवरण और बनावट से भरपूर है। 2K या यहां तक कि फुल एचडी में फिल्माए गए कंटेंट को एक अद्वितीय 4क्य डेटाबेस का उपयोग करके 4K X-Reality™ PRO द्वारा 4K रिज़ॉल्यूशन के करीब अपस्केल किया जाता है। Motionflow™ XR के साथ तेज गति वाले दृश्यों में भी चिकने और तीखे विवरण का आनंद लें, जो एक अभिनव तकनीक है जो मूल फ्रेम के बीच अतिरिक्त फ्रेम बनाती और डालती है।

## भारत की जीडीपी विकास दर चौथी तिमाही में 6.8 प्रतिशत रहेगी, खपत में होगा सुधार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वृद्धि दर के उच्च स्तर पर रहने की वजह कृषि, होटल, ट्रांसपोर्ट और कंस्ट्रक्शन सेक्टर का मजबूत रहना है। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि अधिक ग्रामीण मांग के कारण कुल खपत मजबूत रही है। हालांकि, शहरी मांग का आउटलुक मिश्रित बना हुआ है और इसे मॉनिटर किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, केंद्र सरकार की ओर से अधिक पूंजीगत खर्च के कारण चौथी तिमाही में इंवेस्टमेंट ग्रोथ को सहारा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक,आय में कमी, रेपो रेट में गिरावट, महंगाई दर के कम होने और अच्छे मानूसन की संभावना से ग्रामीण मांग में रिकवरी आ रही और आर्थिक गतिविधियों में सुधार हो रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि कॉर्पोरेट पूंजीगत व्यय में वृद्धि के लिए खपत में निरंतर सुधार महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितताएं बाधा उत्पन्न करती हैं।

# भारत एशिया-प्रशांत में ग्लोबल कॉरपोरेशन के लिए रणनीतिक केंद्र : रिपोर्ट



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत बीते वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत (एपीएसी) के सभी ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम का 47 प्रतिशत हिस्सा था, जो 2015 में केवल 36 प्रतिशत था। व्यापार में बदलाव, सप्लाई चेन डायवर्सिफिकेशन और मैक्रोइकोनॉमिक चुनौतियों के बीच भारत की ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम में बढ़ती हिस्सेदारी देश की रणनीतिक प्रासंगिकता को दर्शाती है।

नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी), मल्टीनेशनल ऑक्यूपायर्स और थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर्स की मजबूत मांग के कारण, 2024 में भारत के ऑफिस ट्रांजैक्शन की मात्रा रिकॉर्ड 6.68 मिलियन वर्ग मीटर (7.19 मिलियन वर्ग फीट) तक पहुंच गई। रिपोर्ट लागत दक्षता, प्रतिभा और इंफ्रास्ट्रक्चर की तलाश करने वाले ऑक्यूपायर्स के लिए भारत को एक दीर्घकालिक और स्थिर केंद्र के रूप में पेश करती है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, एशिया-प्रशांत के ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई है, जो देश के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्लोबल कॉरपोरेशन के लिए रणनीतिक केंद्र के रूप में बढ़ती अपील का प्रमाण है।

उन्होंने कहा, ग्लोबल कॉरपोरेशन वर्तमान में चल रहे व्यापार पुनर्गठन के बीच परिचालन मजबूती चाहते हैं, इसलिए भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र, क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अच्छी स्थिति में है। जबकि, कई एपीएसी बाजारों (शंघाई, बीजिंग) को अधिक आपूर्ति की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय औद्योगिक केंद्रों जैसे मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु ने सस्टेन्ड लीजिंग एक्टिविटी से बैलेंस्ड वेकेंसी लेवल बनाए रखा है। भारत में बिल्ड-टू-सूट फॉर्मेट और फ्लेक्स लीज तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। भारत अपेक्षाकृत कम बाहरी व्यापार निर्भरता और वैश्विक झटकों को अवशोषित करने की मजबूत क्षमता को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया या सिंगापुर जैसी एक्सपोर्ट-हेवी इकोनॉमी के विपरीत, भारत का बड़ा घरेलू उपभोग आधार, विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन और विविध सेवा क्षेत्र इसे बाहरी अस्थिरता से बचाते हैं। भारत के लगातार प्रदर्शन का आधार घरेलू मांग में वृद्धि, डिजिटल परिवर्तन और ग्रेड ए वाणिज्यिक परिसंपत्तियों में आपूर्ति पक्ष की तत्परता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जैसे-जैसे व्यवसाय अस्थिरता का सामना करने और नए बाजारों का दोहन करने के लिए रियल एस्टेट पोर्टफोलियो को फिर से तैयार करते हैं, वैसे-वैसे भारत का उभरता रियल एस्टेट परिदृश्य पैमाने और स्थिरता दोनों प्रदान करता है।

## 6,6,6,6,4,6,6,6... कैरेबियाई बल्लेबाज मैथ्यू फोर्ड ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

### मात्र 16 गेंदों में ठोक डाले 50 रन



वेस्टइंडीज के बल्लेबाज मैथ्यू फोर्ड ने डलबिन के द विलेज ग्राउंड पर आयरलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए दूसरे वनडे मैच में एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 16 गेंदों पर 50 रन बनाए थे. अब मैथ्यू फोर्ड भी इस रिकॉर्ड की बराबरी कर चुके हैं. उन्होंने भी 16 गेंदों में यह कारनामा कर लिया है. इस सीरीज का पहला मैच हारने के बाद निर्णायक मुकाबले में उतरी वेस्टइंडीज ने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की. तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे केसी कार्टी ने शतक बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी.

शाई होप ने भी 49 रन बनाए. हालांकि आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले मैथ्यू फोर्ड ने पहली ही गेंद से आयरिश गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. उन्होंने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 16 गेंदों पर 8 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 50 रन बनाए.

## कोच अशोक कुमार का दावा, 2 साल में टीम इंडिया में दिखेगा वैभव सूर्यवंशी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 में बिहार के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया. राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए इस युवा सलामी बल्लेबाज ने अपनी प्रतिभा और बेखौफअंदाज से सभी को प्रभावित किया. सिर्फ 14 साल की उम्र में वैभव ने न केवल ढ्ढक्क में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का रिकॉर्ड बनाया, बल्कि कई ऐतिहासिक उपलब्धियां भी अपने नाम कीं. ऐसे में अब उनके कोच ने दावा किया है कि यह युवा सितारा अगले दो साल में भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा होगा. लेकिन इसके लिए उन्हें काफी काम भी करना होगा. वैभव सूर्यवंशी के बचपन के कोच अशोक कुमार ने अपने शिष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है. उनका कहना है कि ढ्ढक्क 2025 के बाद सूर्यवंशी अब भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने को लेकर और भी ज्यादा आश्वस्त हो गए हैं. अशोक कुमार ने कहा, 'उनकी तकनीक को लेकर कोई सवाल नहीं था, लेकिन जिस तरह से वह मानसिक रूप से विकसित हुए हैं, वह देखना अद्भुत है. ढ्ढक्क के दौरान मैंने उनसे जो बातचीत की, उससे पता चला कि वह मानसिक रूप से पहले से ज्यादा मजबूत हो गए हैं. उनका दृढ़ संकल्प बढ़ गया है क्योंकि वह अब लगातार कहते हैं, 'सर, मैं इंडिया खेल के ही रहूंगा.' इसलिए, हमें बहुत गर्व है कि बिहार से ऐसा बच्चा आया है.'

अशोक ने आगे कहा, 'बचपन से ही टीम को अकेले दम पर जिताने का उनका जज्बा गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाने के दौरान भी देखने को मिला. राहुल द्रविड़ सर और विक्रम राठौर सर ने उनकी बल्लेबाजी को और निखारा है. मेरा अनुमान है कि अगर वैभव अपनी फिटनेस और फील्डिंग में सुधार करता है, तो अगले 2 सालों में वह सीनियर झ्20 भारतीय टीम में होगा. मुझे वाकई लगता है कि आईपीएल उसे मौका देगी, क्योंकि दो-चार खिलाड़ियों को छोड़कर,

## छत्तीसगढ़ के जुड़वां शिशुओं को किम्स कडल्स में मिला नया जीवन



**हैदराबाद:** बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में समय से पहले जन्मे दो नन्हे जुड़वां बच्चों का वजन केवल 1.4 और 1.5 किलोग्राम था। गंभीर संक्रमण के चलते उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि उन्हें तुरंत एयर एम्बुलेंस के माध्यम से किम्स कडल्स हॉस्पिटल, कोंडापुर, हैदराबाद लाया गया। यह तेलुगु राज्य में पहली बार था जब समयपूर्व जुड़वां शिशुओं को एयरलिफ्ट किया गया।

किम्स कडल्स की क्लिनिकल डायरेक्टर व नियोनेटोलॉजी प्रमुख, डॉ. अपर्णा सी ने इस असाधारण मामले की जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया, ट्रांसफर के दौरान ही एक बच्चे की हालत अत्यंत गंभीर थी। उसे फंगल संक्रमण के साथ-साथ ड्रग-रेजिस्टेंट बैक्टीरियल इंफेक्शन (क्लेब्सिएला) था, जिससे मल्टी-ऑर्गन फेल्योर हो गया था। उसे तुरंत वेंटिलेटर पर रखा गया और ब्लड प्रेशर सपोर्ट सहित कई दवाओं से उपचार शुरू किया गया। उसकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया था और 24 घंटे तक पेशाब नहीं हुआ। दूसरे बच्चे को फंगल सेप्सिस था और उसे सीपीएपी (नासिका मार्ग से निरंतर ऑक्सीजन आपूर्ति) की आवश्यकता थी। दोनों बच्चों के प्लेटलेट काउंट बहुत कम थे और उन्हें कई बार ब्लड और प्लेटलेट्स चढ़ाने पड़े। डॉ. अपर्णा ने आगे बताया, करीब एक महीने की गहन चिकित्सा के बाद दोनों बच्चे पूरी तरह से ठीक हो गए। संक्रमण पर नियंत्रण पा लिया गया है, वे अब स्तनपान कर पा रहे हैं और उनका वजन लगभग 2 किलोग्राम हो गया है। तमाम जटिलताओं के बावजूद, दोनों बच्चे अब स्वस्थ हैं। उनकी रेटिना स्क्रीनिंग, श्रवण परीक्षण और मस्तिष्क स्कैन सामान्य पाए गए, जिससे स्पष्ट है कि उनके विकास पर कोई दीर्घकालिक खतरा नहीं है। जन्म के 25वें दिन हम उन्हें हैदराबाद लाए थे। इस दौरान डॉ. राजशेखर, ICATT टीम, डॉ. वामसी, डॉ. अरविंद, डॉ. प्रणीता, नर्स सुनीता और उनकी टीम ने शिशुओं की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालाँकि ऐसे एयर ट्रांसफर की लागत बहुत अधिक होती है और यह सीमित परिवारों के लिए ही संभव है, लेकिन जीवन-रक्षक मामलों में यह एक बड़ी चिकित्सकीय उपलब्धि साबित होती है - जिससे उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी विशेषज्ञों और त्वरित देखभाल मिलती है। डॉ. अपर्णा ने NICU विशेषज्ञों, डॉक्टरों, नर्सों, ड्राइवरों और हाउसकीपिंग स्टाफ सहित पूरी टीम की सराहना की, जिन्होंने बच्चों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब दोनों शिशुओं को सफल इलाज के बाद स्वस्थ अवस्था में उनके गृह राज्य भेज दिया गया है।

## श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास, 2009 से टीम का हिस्सा रहे



हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट संन्यास का ऐलान किया था. अब एक और दिग्गज खिलाड़ी ने टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके अपने फैंस को ये जानकारी दी. मैथ्यूज का यह फैसला श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए एक बड़ा झटका है. वह साल 2009 से इस फॉर्मेट का हिस्सा थे. एंजेलो मैथ्यूज ने 2009 में पाकिस्तान के खिलाफ गाले में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी. अपने 16 साल के टेस्ट करियर में उन्होंने 118 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 44.63 की औसत से 8,167 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 16 शतक और 45 अर्धशतक जड़े, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 200 रन रहा. मैथ्यूज ने बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी योगदान दिया और अपने करियर में 33 टेस्ट विकेट लिए. वह श्रीलंका के तीसरे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, जो कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के बाद इस लिस्ट में शामिल हैं. एंजेलो मैथ्यूज ने संन्यास का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'मेरे प्यारे दोस्तों और परिवार, अब मेरे लिए खेल के सबसे प्रिय फॉर्मेट, टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने का समय आ गया है.

## नारायण सेवा संस्थान का नि:शुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर - 402 दिव्यांगों के अंधकारमय जीवन में लाएगा नई रोशनी



**इंदौर।** मानव सेवा को समर्पित नारायण सेवा संस्थान एक बार फिर अपने सेवा कार्यों से समाज को प्रेरित करते हुए रविवार को इंदौर के गुरु अमरदास बैंक्वेट हॉल में नि:शुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप केम्प का आयोजन किया। शिविर में प्रदेशभर से आए 350 दिव्यांगजनों का लाभ के लिए चयन किया।

संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। यह शिविर न केवल अंग प्रदान करता है, बल्कि उनके जीवन में उम्मीद और उजाले की नई शुरुआत करता है। यह शिविर उन लोगों के लिए आशा की किरण बनकर आया है जो किसी दुर्घटना, बीमारी या जन्म से अंगहीनता जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। शिविर में आधुनिक तकनीकों द्वारा निर्मित कृत्रिम हाथ-पैर का माप लिया गया।दो माह बाद इन्हें एक नया आत्मविश्वास और स्वतंत्र जीवन जीने की दिशा में सहायता मिलेगी।

इस शिविर का उद्घाटन पूज्य जैन संत अभिग्रहधारी श्री राजेश मुनि जी महाराज के सानिध्य में मुख्य अतिथि इंदौर मेयर पुष्पमित्र भार्गव और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पारस कटारिया, डॉ अनिल भंडारी, टिकम चंद गर्ग, विष्णु जिंदल,मनीष यादव, मनोरमा माहेश्वरी, डॉ शरद दोषी,ललित जैन, आनंदी लाल लोढ़ा,वीरेंद्र कुमार, अजय जैन एवं संरक्षक महेश अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और इंदौर के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मेयर भार्गव ने कहा यह शिविर सैकड़ों परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाला है। इस सेवा कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है।यह शिविर न केवल शरीर का सहारा देता है, बल्कि आत्मा को भी संबल प्रदान करता है। मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूँ। दिव्यांगों को मदद के लिए आगे आने पर संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूँ। उम्मीद है अवश्य ही विकसित भारत और स्वस्थ समाज का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने दिव्यांगों के हितार्थ नारायण सेवा संस्थान को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। जैन संत राजेश मुनि जी महाराज ने मंगल पाठ करते हुए दिव्यांगों के कल्याण की कामना की। समाज सेवी पारस कटारिया ने कहा संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो प्रयास और कार्य कर रही हैं यह अनुकरणीय है। डॉ अनिल भंडारी ने कहा दिव्यांगों को मजबूत बनाने और नारायण सेवा संस्थान तक पहुँचाने के लिए इंदौर के दानी जन सेतु की भूमिका निभाएंगे।

विजिट के दौरान मुख्य अतिथि मेयर पुष्यमित्र भार्गव व समस्त अतिथियों ने शिविर में आये दिव्यांगों के उदगार सुने और डॉक्टर टीम से उपचार और लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया भी जानी।

प्रारम्भ में संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों और मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया। साथ ही अग्रवाल ने संस्थान की नि:शुल्क सेवाएं ऑपरेशन,नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना,आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए नि:शुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी।

उन्होंने आज के केम्प की जानकारी देते हुए कहा 400 से ज्यादा रोगी आये। बच्चे,वयस्क,वृद्ध और महिलाओं के सभी आयु वर्ग से दिव्यांग ने केम्प का लाभ उठाया। निदेशक वंदना अग्रवाल ने आगे की जानकारी बताते हुए कहा 300 से ज्यादा दिव्यांगों को शल्य चिकित्सा और नारायण लिम्ब हाथ पैर के लिए माप लिया गया। इन सभी का नि:शुल्क ऑपरेशन होगा। कास्टिंग और मेजरमेंट के लिए चयनित दिव्यांगों को करीब 2 से 3 माह बाद नारायण लिम्ब पुन: इंदौर में शिविर कर पहनाए जाएंगे। संस्थान द्वारा निर्मित ये नारायण लिंब गुणवत्ता युक्त है और वजन में हल्के हैं। उपयोग में टिकाऊ रहेंगे। सभी रोगियों को संस्थान की ओर से नि:शुल्क भोजन, चाय, अल्पाहार प्रदान किया गया। संस्थान की 40 सदस्य टीम ने सेवाएं दी। शिविर समारोह के अंत में आभार ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबिसा ने प्रकट किया।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 26 मई 2025



## बीजापुर जिले में तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा पूरा मेहनताना

**रायपुर (विसं)।** बीजापुर जिले में इस वर्ष 1,21,600 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संग्रहण कार्य 9 मई 2025 से प्रारंभ हुआ था और 21 मई तक कुल 12,226.638 मानक बोरा का संग्रहण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर ने बताया है कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके परिश्रम का पूरा मूल्य उन्हें समय पर और सुरक्षित रूप से मिलेगा। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर ने स्पष्ट किया है कि यह नुकसान संग्राहकों पर नहीं डाला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजमाता अहिल्या बाई वृत्तचित्र प्रदर्शनी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महान लोकसेविका धर्म, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता की संरक्षक मातोश्री पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती प्रदर्शनी लगाकर रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर जी के निर्देशानुसार महाराष्ट्र मंडल शंकर नगर में मनाई गई। राजमात अहिल्या बाई होलकर जी के जीवन दर्शन पर वृतचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन रायपुर उत्तर के लोक प्रिय विधायक आदर. श्री पुरंदर मिश्रा जी के करकमलो से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, जिला मंत्री हरीश ठाकुर, जोन 3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई, वरिष्ठ नेता, शिवजलम दुबे, पार्षद कैलाश बेहरा, अनिल बाघ, सुधीर चौबे, हरिवंश वर्मा, असगर अली, नरेंद्र निर्मलकर, राम दास मानिकपुरी, आनंद गयाधने, खेमा सागर, अनूप खेलकर, विपिन पटेल प्रकाश सिन्हा, अनूप वर्मा, मीना सेन, गायत्रि चंद्राकर, राम दास मानिकपुर, ओमेश्वरी चंद्राकर, शंभू लोवंशी, नितिन श्रीवास्तव, भारत बया, लता जगत, सुनील परेत कर, चंद्रकांत बाउसे, आरती साहू, सूरज यादव, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथीगण सम्मिलित हुए।

### पुनर्निर्मित सखी निवास व सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन 28 मई को

**महाराष्ट्र मंडल में वीर सावरकर जयंती पर संत ज्ञानेश्वर स्कूल की मेरिटोरियस छात्राओं और निबंध स्पर्धा के विजेताओं का सम्मान भी**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की 142वीं जयंती पर 28 मई को शाम 5:30 बजे महाराष्ट्र मंडल के पुनर्निर्मित सखी निवास (कामकाजी महिला वसति गृह) व सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे होंगी। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्र, साहित्यिक समिति व युवा समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल करने वाली पूर्वी साहू, नौवां स्थान प्राप्त वर्षा परिडा और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान पर महाराष्ट्र मंडल का परचम लहराने वाली रुचिका साहू को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर दो विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित वीर सावरकर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे ने बताया कि इसके साथ वर्तमान पीढ़ी को स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के व्यक्तित्व से सीखने योग्य बातें विषय पर मूर्धन्य इतिहासकारों के विचार सुनने को मिलेंगे। सखी निवास प्रभारी नमिता शेष के अनुसार कार्यक्रम में विशेष अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा और समाजसेवी व मंडल की आजीवन सभासद शुभांगी आप्टे होंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर समारोह की अध्यक्षता करेंगी।

# पीएम आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बनाने में छत्तीसगढ़ देश में 5वें स्थान पर

- राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार जैसे राज्यों से बेहतर स्थिति में है छत्तीसगढ़
- राज्य के 3 लाख 60 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को मिला पीएम आयुष्मान वय-वंदना कार्ड
- अक्टूबर 2024 से देश में प्रारंभ वय-वंदना कार्ड पंजीयन में राज्य में नवंबर के बाद तेजी से किया जा राह है कार्य




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई पीएम आयुष्मान वय-वंदना योजना से 70 वर्ष व अधिक आयु के नागरिकों को नि: शुल्क इलाज मिल रहा है। छत्तीसगढ मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राज्य के 3 लाख 60 हजार से अधिक 70 वर्ष व अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बन चुके हैं। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ पूरे देश में वय वंदना कार्ड बनाने के मामले में पांचवें स्थान पर पहुँच गया है। इस मामले में राज्य ने राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों से आगे निकलकर कीर्तिमान रच दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर लगातार आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिससे कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक योजनांतर्गत् नि:शुल्क इलाज लाभ पाने से वंचित ना रह जाए। जिलों में आयुष्मान वय-वंदना पंजीयन हेतु विभिन्न शासकीय विभागों के अतिरिक्त, सामाजिक संस्थाओं, पेंशनर संथाओं, शियान-सदन, वरिष्ठ-जन कल्याण संघों, वृद्धाश्रमों, निजी आवासीय सोसायटियों, इत्यादि से लगातार संपर्क कर शिविर लगाए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि, कोई भी व्यक्ति जिसके माता-पिता या अन्य सदस्य यदि 70 वर्ष व अधिक आयु के हैं एवं उनके पास आधार कार्ड उपलब्ध है तो वे नजदीकी शासकीय चिकित्सालय, सी.एम.एच.ओ./ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय या शासकीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं या टोल फ्री टेलीफोन नंबर 104 पर बात कर अधिक जानकारी ले सकते हैं। व्यक्ति चाहे तो गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान भारत एप व आधार फेस आई.डी. एप डाउनलोड कर आधार वेरीफिकेशन से अपना सामान्य आयुष्मान कार्ड या घर के वरिष्ठ सदस्य का आयुष्मान वय-वंदना कार्ड दोनों पंजीयन स्वयं भी कर सकता है। उल्लेखनीय है कि माह अक्टूबर 2024 से देश में प्रारंभ वय-वंदना कार्ड पंजीयन में राज्य में नवंबर के बाद तेजी से कार्य किया जा सका है।

राज्य शासन द्वारा 6 जिलों जहां 60 प्रतिशत से अधिक आयुष्मान वय-वंदना कार्ड पंजीयन कवरेज कर लिया गया है, को 'वय-मित्र' जिलों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके तहत् इन जिलों में वरिष्ठ नागरिकों को जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 'वय-मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर' का आयोजन, 'मोबाइल मेडिकल यूनिट' के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, आयुष्मान-आरोग्य मंदिर में टेली-मेडिसीन व मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग व प्रत्येक बृहस्पतिवार 'सियान-जतन शिविर' का आयोजन, आयुष पद्धति से इलाज की सुविधा, मोतियाबिंद जांच, इत्यादि विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

## वरिष्ठ समाजसेवी स्व. श्री रामजीलाल जी अग्रवाल पंचतत्व में हुए विलीन, अंतिम विदाई में लोगों का उमड़ा जनसैलाब





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के पिता वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक, और अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक, स्वर्गीय श्री रामजीलाल जी अग्रवाल रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए।

सुबह 10:30 बजे उनके पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा रामजी वाटिका, मौलश्री विहार, वीआईपी रोड स्थित निवास से प्रारंभ हुई। अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उनके पार्थिव शरीर को सर्वप्रथम मोहदापारा गौ आश्रम ले जाया गया, जहां गौसेवकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्हें रामसागर पारा स्थित उनके पुराने निवास पर ले जाया गया, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने भी नम आंखों से विदाई दी। इसके बाद अंतिम यात्रा मारवाड़ी श्मशान घाट पहुंची, जहाँ विधिपूर्वक उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष श्री चरणदास महंत, मंत्री श्री रामविचार नेताम, श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री अनुज शर्मा, श्री मोतीलाल साहू, श्री पुरंदर मिश्रा, श्री इंद्र कुमार साहू, श्री सुनील सोनी, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, भाजपा संगठन महामंत्री श्री पवन साय पूर्व विधायक श्री इंद्र देव राय श्री संतोष बाफना, श्री विकास उपाध्याय, श्री कुलदीप जुनेजा, निगम मंडल आयोग के अध्यक्षगण, राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**श्री रामजीलाल जी अग्रवाल को श्रद्धांजलि-** लोगों ने श्रद्धापूर्वक श्री रामजीलाल जी अग्रवाल द्वारा किए गए कार्यों और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। उनका जीवन निस्वार्थ सेवा, करुणा और परोपकार का प्रतीक रहा। जो भी उनके पास गया, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटा। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के हर जरूरतमंद की मदद की, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का हो।

उनका मिलनसार और सरल स्वभाव हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता था। वे न केवल एक सच्चे समाजसेवी थे, बल्कि इंसानियत की मिसाल भी थे। आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तब भी उनका जीवन हमें प्रेरणा देता रहेगा।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने परिवार की ओर से सभी श्रद्धेय अतिथियों, शुभचिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक साथियों, प्रशासन और आम नागरिकों का हृदय से धन्यवाद करते हुए कहा कि, जिन्होंने इस दुख की घड़ी में हमारी भावनाओं को समझा, सहभागी बने और पिताजी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। आप सभी की संवेदनाओं और सहयोग ने हमें यह कठिन समय सहने की शक्ति दी है।

## 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर संगोष्ठी, मुख्य अतिथि के रूप में रामविचार नेताम मंत्री होंगे शामिल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट सोमवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव पर संगोष्ठी, सम्मेलन, संवाद कार्यक्रम का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में शाम 4 बजे से किया जायेगा। कैट के वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि कैट सोमवार को एक राष्ट्र ङ्क एक चुनाव पर संगोष्ठी, सम्मेलन, संवाद कार्यक्रम का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में शाम 4:00 बजे से किया जायेगा। उन्होनें बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रामविचार नेताम जी, मंत्री छ ग़ शासन कृषि, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्रालय, कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय श्री शिवरतन शर्मा जी (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा), विशिष्ट अतिथि माननीय श्री अमर पारवानी जी राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं माननीय श्री रमेश सिंह ठाकुर जी जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, रायपुर रहेगें। कैट प्रदेश के व्यापारियों एवं उद्योगपति से अपील करती है, कि एक राष्ट्र ङ्क एक चुनाव को अपना समर्थन प्रदान करते हुए उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देवें। कैट एवं युवा कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप से जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नरेश पाटनी, विजय जैन, भगवान दास अग्रवाल, सतीश श्रीवास्तव, लोकेश साहू, राजेन्द्र खटवानी, नागेन्द्र तिवारी, विक्रांत राठौर, बी.एस. परिहार एवं प्रकाश माखीजा उपस्थित रहे।

## रायपुर रेल मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 22 मई से 05 जून 2025 तक मनाया जा रहा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का अभियान केवल एक दिन तक सीमित न होकर एक विस्तारित चरणबद्ध में क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसमें चरणबद्ध रूप से जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 25 मई 2025 को यात्रियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्लास्टिक उपयोग में कमी और कचरा प्रबंधन के महत्व को समझाते हुए रायपुर स्टेशन पर स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें मुख्य स्टेशन प्रबंधक सहित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों, सफ़ाई कर्मियों, वेंडरों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा सहित मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के बीच भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यात्रियों को अपने स्वयं के पानी की बोतलें लेकर चलने के लिए प्रेरित किया गया ताकि एकल-प्रयोग प्लास्टिक के उपयोग को रोका जा सके। स्टेशनों एवं रेलवे कार्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान साकार रूप ले इस हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोटिवेट किया कि इस अभियान में तालीनता के साथ जुड़े एवं अपने से शुरुआत करते हुए खुद को रोको खुद को टोको से शुरूआत करते हुए दैनिक जीवन में प्लास्टिक के व्यावहारिक उपयोग को कम करने, जल संरक्षण, पेपर का सीमित उपयोग, प्रकृति की सौंदर्यता बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण पर जोर दिया।

## मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा निर्वाचन आयोग

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से, निर्वाचन आयोग ने दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। इनमें मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल जमा सुविधा प्रदान करना और प्रचार नियमों का सरलीकरण शामिल है। ये निर्देश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के संबंधित प्रावधानों के अनुरूप हैं।

**प्रचार नियमों का सरलीकरण**

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग और मतदाताओं—विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान दिवस पर मोबाइल फोन संभालने में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है। मतदान केंद्र से 100 मीटर की परिधि के भीतर केवल बंद (स्विच ऑफ) स्थिति में मोबाइल फोन रखने की अनुमति होगी। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट बैग रखे जाएंगे, जिनमें मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे। मोबाइल फोन मतदान केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों को स्थानीय प्रतिकूल परिस्थितियों के आधार पर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। मतदान केंद्र के भीतर मतदाता की गोपनीयता सुनिश्चित करने वाला निर्वाचन संचालन नियम 49रू सख्ती से लागू रहेगा।

## छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### सड़क सुरक्षा उपायों का सबकी सहभागिता से हो बेहतर क्रियान्वयन

**सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात को बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयास करें**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 23.05.2025 को श्री मनोज पिंगुआ, अपर मुख्य सचिव (गृह) छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबकी सहभागिता से सड़क सुरक्षा के उपायों का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सड़कों में मिलने वाली ग्रामीण सड़कों के जंक्शन, दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों/ब्लैक स्पॉट्स में प्राथमिकता से आवश्यक सुधारात्मक उपाय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

समीक्षा बैठक के प्रारंभ में सचिव परिवहन श्री एस प्रकाश के प्रारंभिक स्वागत उद्बोधन के उपरांत श्री संजय शर्मा अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) ने मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिनांक 07.11.2024 में समीक्षा बैठक के अनुक्रम में संबंधित विभागों द्वारा संपादित कार्यों तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। प्रदेश में गत 04 माह में 5322 सड़क दुर्घटनाओं 2591 व्यक्ति की मृत्यु एवं 4825 घायलों के साथ जनवरी - अप्रैल 2024 की तुलना में जनवरी- अप्रैल 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 5.6त्न, मृत्यु दर 12.5त्न, तथा घायलों में 10.8त्न की वृद्धि पर बैठक में चिन्ता व्यक्त की गई। वर्ष 2019-2025 तक चिन्हाकित/लंबित ब्लैक स्पॉट्स में से 69 तथा 101 जंक्शन सुधार, यातायात के नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस विभाग द्वारा 3, 06, 106 प्रकरणों में राशि 11, 91, 68, 800/-रू तथा परिवहन विभाग द्वारा 2, 80, 568 प्रकरणों में राशि 58, 34, 94, 300/-रू. शमन शुल्क वसूल किये गए। इस वर्ष विभिन्न जिलों में गत 48 एवं मान.सांसदो द्वारा 05 सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक संपन्न हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के उपचार हेतु 8 जिलों अस्पताल में सीटीस्कैन की जांच, समस्त जिला अस्पतालों 24×7 एक्सरे/लेबोट्री जांच, इमरजेंसी संबंधित आवश्यक दवाईयां/ इन्जेक्शन उपलब्ध, समस्त जिलों के विशेषज्ञ/ चिकित्सा/स्टाफ नर्स/ पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस वर्ष शाला सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात जागरूकता के 1234 कार्यक्रमों में 7, 19, 000 लाभान्वित हुए है। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा में स्वास्थ्य सेवाएं, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, शिक्षा, परिवहन, सामान्य प्रशासन विभागों में कार्यरत योग्य/ सेवानिवृत अधिकारियों की संविदा नियुक्ति कर प्रतिनियुक्ति के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में 3, 72, 406 एलईडी स्ट्रीट लाईट लगाये गये, 1, 02, 410 अतिरिक्त लाईट्स की स्वीकृति प्रदान की गई।

## कांग्रेसियों ने झीरम हमले में हुए शहीदों को किया नमन

**रायपुर ( आरएनएस )।** झीरम हमले की 12वीं बरसी पर राजीव भवन में कांग्रेसियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित किया। शहीदों के लिये दो मिनट का मौन रख कर नमन किया गया।

एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने एसआईटी बनाकर षड़्यंत्र की जांच करने का प्रयास किया। एनआईए ने इस मामले की जांच बंद कर दिया था, एनआईए ने 24 सितंबर 2014 को अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल किये, इसके बाद 28 सितंबर 2015 को सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश किया। अर्थात एनआईए ने जांच बंद कर दिया था। एनआईए ने किसी भी पीड़ित से पूछताछ नहीं किया, जो संदिग्ध नक्सली थे किसी के खिलाफ आरोप पत्र नहीं दाखिल नहीं किया। जैसे ही राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया एनआईए ने फिर से जांच शुरू कर दिया और राज्य की एजेंसी के जांच को बाधित किया। कानूनन जब तक एनआईए मामले की फाइल राज्य को वापस नहीं करती एसआईटी जांच शुरू नहीं कर सकती थी। कांग्रेस के पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद एनआईए ने झीरम की केस फाइल नहीं दिया। एनआईए ने भी एसआईटी की जांच को रोकने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया।

## ISHRAE की पहली क्षेत्रीय चैप्टर कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन, सिद्धांत शर्मा सहित विभिन्न चैप्टर अध्यक्षों ने लिया भाग




**भुवनेश्वर, ओडिशा ( विश्व परिवार )।** हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित आईएसएचआरएई की पहली क्षेत्रीय चैप्टर सम्मेलन में दिल्ली हेडक्वार्टर से सिद्धांत शर्मा ने सक्रिय भागीदारी की। यह दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन भुवनेश्वर चैप्टर द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न चैप्टरों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस सम्मेलन की अध्यक्षता आईएसएचआरएई के रीजनल डायरेक्टर श्री अमरेन्द्र गोस्वामी जी ने की। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ईस्ट रीजन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की और एक विस्तृत रोड मैप भी प्रस्तुत किया। श्री गोस्वामी जी ने इस अवसर पर भविष्य की योजनाओं को लेकर पूरी योजना का ब्योरा दिया।

कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर चैप्टर ने किया, जिसमें दिल्ली से केके मित्रा जी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा, रांची चैप्टर के प्रेसिडेंट राकेश रोशन जी, गुवाहाटी चैप्टर के अध्यक्ष नयनमणि शर्मा जी, भुवनेश्वर चैप्टर के प्रेसिडेंट सचिंद्र कुमार राउत जी और कोलकाता के पैरेंट चैप्टर के प्रेसिडेंट श्यामल बर्मन जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

रायपुर से कोर कमेटी सदस्य श्री सिद्धार्थ जैन ने अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का विस्तार से अवलोकन प्रस्तुत किया, जिससे सभी चैप्टर के प्रतिनिधियों को अपनी योजनाओं को बेहतर बनाने का मौका मिला। इस दौरान सभी प्रमुख ज़ोनल चेयर्स भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अपने चैप्टर के कार्यों को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया। यह सम्मेलन न केवल क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने का अवसर था, बल्कि आने वाले समय में नई योजनाओं और अभियानों के लिए भी आधार बना।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354